तापमान
अधिकतम 27.9 डिग्री
न्यूनतम 09.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 22 दिसंबर 2025



11 साहित्यिक यात्रा पर परिचर्चा का हुआ आयोजन, दिए सुझाव





12 घुघुवा के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन






**बदलाव : बदले नियम से दुर्ग जिले में सीटों की संख्या 1300 हो जाएगी**

# आरटीई में नर्सरी के बदले कक्षा पहली में प्रवेश से घटेंगी सीटें, कई स्कूलों में सीटें रहेगी शून्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



हरिभूमि पड़ताल

आरटीई में नर्सरी कक्षा के बजाय कक्षा पहली में प्रवेश देने का नया नियम लागू हुआ है। नियम के बदलाव का असर दुर्ग जिले में ऐसा होगा कि पहली कक्षा में सीटों की संख्या किसी स्कूल में शून्य तो किसी स्कूल में आधी ही रह जाएगी। जिले के 566 निजी स्कूलों में आरटीई की 25 प्रतिशत सीटें बीपीएल वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित रहती है। पिछले साल वर्ष 2025-26 यानी वर्तमान शैक्षणिक सत्र में कुल 4300 सीटें थी। जिसमें 1650 सीटें कक्षा पहली में आरक्षित थी। नए नियम के हिसाब से वर्ष 2026-27 में कक्षा पहली में वास्तविक दर्ज संख्या के आधार पर आरक्षित सीटों की संख्या घटकर करीब 1300 हो जाएगी।

### नर्सरी में अब प्रवेश रूकेगा तो ऐसी होगी स्थिति

वर्तमान शिक्षा सत्र में नर्सरी स्कूल से आरटीई के बच्चों को प्रवेश दिया गया है। स्कूलों में वास्तविक दर्ज संख्या के हिसाब से 25 प्रतिशत सीटें आरक्षण है। अब ये बच्चे दो साल बाद केजी वन व केजी टू पढ़कर कक्षा पहली में जाएंगे। तब तक कक्षा पहली मे यानी दो साल तक ऐसे स्कूलों में प्रवेश शून्य रहेगा।

### एक जनवरी से सीटों का होगा सत्यापन

आरटीई की सीटों का पोर्टल में निजी स्कूलों में ब्योरा देने के बाद उसका वेरीफिकेशन एक जनवरी से करना शुरू हो जाएगा। नोडल अधिकारी पूरे महीनेभर इस कार्य को करते रहेंगे। 7 फरवरी तक वेरीफिकेशन का कार्य करना है। दुर्ग जिले में 175 निजी स्कूल हैं जो आरटीई के दायरे में आते हैं। इनमें दुर्ग भिलाई में सर्वाधिक स्कूल हैं।

### 16 फरवरी से बच्चों का रजिट्रेशन

आरटीई में प्रवेश लेने के इच्छुक बच्चों का रजिस्ट्रेशन 16 फरवरी से शुरू करना है। रजिस्ट्रेशन आरटीई पोर्टल में ऑनलाइन सिस्टम से किया जाएगा। 31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन कार्य पूरा करना है। इसी तिथि से ही जो बच्चे ऑनलाइन आवेदन किए हैं उनके दस्तावेजों का परीक्षण संबंधित नोडल अधिकारी करना प्रारंभ कर देंगे।

### 13 अप्रैल से लाटरी सिस्टम से सीटें होंगी आवंटित

आरटीई में दाखिले की प्रक्रिया के दौरान जिन स्कूलों में सीटों से अधिक आवेदन आएंगे वहां लाटरी सिस्टम से प्रवेश दिया जाएगा। 13 अप्रैल से 17 अप्रैल तक लाटरी सिस्टम से सीटों को आबंटन प्रारंभ होगा। एक मई से 30 मई तक जिन बच्चों को लाटरी से जिन स्कूलों की सीटें मिली है वहां दाखिला देना है। आबंटन आरटीई पोर्टल के माध्यम से ही होगा। पहले चरण के बाद सीटें खाली रहने पर दूसरा चरण प्रारंभ हो सकेगा।

### इन उदाहरणों से समझिए प्रवेश की स्थिति

**केस 1**

दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई में पिछले साल यानी वर्ष 2025-26 में केजी वन में दर्ज संख्या 366 थी। इसका 25 प्रतिशत आरक्षित सीटे के हिसाब से 91 सीटें थी लेकिन बदले नियम के हिसाब से आने वाले दो साल में पहली कक्षा में सीटें शून्य रहेगी।

**केस 2**

डीएवी हुडको में वर्ष 2025-26 यानी वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नर्सरी में दर्ज संख्या 88 है। इसका 25 प्रतिशत आरटीई की आरक्षित सीटों के हिसाब से 22 बच्चों का प्रवेश हुआ है। आने वाले साल नर्सरी यहां शून्य हो जाएगी। कक्षा पहली में 33 सीटें रहेगी।

**केस 3**

शंकराचार्य हुडको में वर्ष 2025-26 यानी वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नर्सरी की दर्ज संख्या 24 है। इसका 25 प्रतिशत आरटीई आरक्षित सीटों के हिसाब से 6 सीटों पर बच्चे अध्ययनरत है। नर्सरी में सीटें शून्य हो जाएगी। यहां पहली कक्षा में 42 सीटें रहेगी।

**केस 4**

मैत्री विद्या निकेतन में वर्ष 2025-26 यानी वर्तमान शैक्षणिक सत्र में नर्सरी की दर्ज संख्या 52 है। इसका 25 प्रतिशत आरटीई आरक्षित सीटों के हिसाब से 13 बच्चे अध्ययनरत हैं। आने वाले साल में यहां नर्सरी में सीटें शून्य हो जाएगी। कक्षा पहली में 17 सीटें रहेगी।

### आदेश करेंगे सर्कुलेट

कक्षा पहली से आरटीई में प्रवेश संबंधी आदेश राज्य से जारी किया गया है लेकिन अभी हमें नहीं मिला है। आदेश आते ही उसे निजी स्कूलों को सर्कुलेट करेंगे।

-अरविंद कुमार मिश्रा, डीईओ दुर्ग

## यौन उत्पीड़न मामले में फंसे पुलिस कर्मी की अग्रिम जमानत खारिज, जल्द होगी गिरफ्तारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोपों में घिरे एक पुलिस कर्मी को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने आरोपी पुलिस आरक्षक अरविंद कुमार मेढ़े की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी एक पुलिस कर्मी है और यदि उसे अग्रिम जमानत दी जाती है, तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकता है। साथ ही अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में लगाए गए आरोप बेहद गंभीर प्रकृति के हैं, ऐसे में अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता।

### मामला पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र का

ज्ञात हो कि भिलाई तीन क्षेत्र की रहने वाली एक महिला की शिकायत पर पुलिस आरक्षक अरविंद कुमार मेढ़े के खिलाफ यौन उत्पीड़न का अपराध दर्ज किया गया था। पीड़िता ने एफआईआर में बताया कि उसका बेटा पॉक्सो एक्ट के एक मामले में जेल में बंद है। इस स्थिति का फायदा उठाकर आरोपी पुलिस कर्मी ने बेटे की जमानत कराने का झांसा दिया और उससे लगातार संपर्क बनाए रखा। 18 नवंबर 2025 की शाम उसे थाने बुलाया। वहां महिला पुलिस कर्मियों ने उससे कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए। इसके बाद आरोपी ने फोन कर उसे चरौदा बस स्टैंड बुलाया और अपनी गाड़ी में बैठाकर सूनसान जंगल क्षेत्र में ले गया।महिला ने आरोप लगाया कि वहां आरोपी ने उससे शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाला, गले लगाया और अश्लील हरकतें कीं। मासिक धर्म की जानकारी देने पर आरोपी ने उसे छोड़ दिया और दो दिन बाद फिर मिलने की बात कही। घटना के करीब 24 घंटे बाद, 19 नवंबर 2025 की शाम लगभग 6 बजे पीड़िता ने थाने में आरोपी पुलिस अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी।

### बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**भिलाई।** बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जामगांव आर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मोटरयान अधिनियम की धारा 184 और 105 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। प्राथी दिलीप कुमार चन्द्राकर ने पुलिस को बताया कि मृतक तरुण कुमार चन्द्राकर पिता दुलारसिंग चन्द्राकर उम्र 42 वर्ष, ग्राम पौहा थाना जामगांव आर का निवासी और बड़े मामा का लड़का था। तरुण चन्द्राकर 20 दिसंबर को अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 07 एलएन 9726 में अपने दोनों बच्चो के साथ जामगांव बाजार जाने के लिये घर से निकला था। शाम करीब 5.30 बजे पौहा से जामगांव आर मेन रोड कुम्हरी पौहा छोटा नहर पुल के पास पहुंचा था। साहू टेवल्स बस क्रमांक सीजी 05 जे 0124 का चालक तेज वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी।

## खबर संक्षेप

### डीएवी हुडको में वार्षिकोत्सव आज से

**भिलाई।** डीएवी पब्लिक स्कूल हुडको भिलाई में वार्षिकोत्सव का आयोजन 22 और 23 दिसंबर को किया गया है। 22 दिसंबर को आयोजित धरोहर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईजी रामगोपाल गर्ग और तरल गर्ग होंगे। वहीं 23 दिसंबर को आयोजित शौर्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग कमिश्नर सत्य नारायण राठौर व उषा किरण राठौर होंगे।

### पुराना विवाद को लेकर मारपीट, अपराध दर्ज

**भिलाई।** पुराना विवाद को लेकर मारपीट मामले में पुलिस ने मनमीत सिंह गिल और नितेश उर्फ चुन्नु के खिलाफ धारा 296, 351(3),115 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। मामला स्मृति नगर थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप शाहजीत (31 वर्ष) पिता छेदीलाल शाहजीत ने पुलिस को शिकायत में बताया कि विगत 19 दिसंबर की रात्रि करीब 10.30 बजे वे घर के लिए सामान लेने अवंति बाई चौक गोल्डी डेली निड्स गया था। मनमीत सिंह गिल और उसका दोस्त नितेश उर्फ चुन्नु दुकान के बाहर खड़े मिले। तब मनमीत सिंह गिल के साथ पूर्व में हुए विवाद को लेकर अपने दोस्त नितेश के साथ गालीगालौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट से प्रार्थी को दाहिने हाथ, सिर और बाए कंधे में चोट लगी है।

### ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**भिलाई।** लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्सीडेंट के मामले में सुपेला थाना पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मोटर व्हिकलस एक्ट 1988 की धारा 184 और 281 बीएनएस का अपराध दर्ज करते हुए जांच में लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नवजोत सिंह उम्र 26 साल ने पुलिस को शिकायत में बताया कि रविवार को सुबह करीब 11 बजे वे अपनी बीएमडब्ल्यू कार क्रमांक सीजी 07 क्यूसी में अपने भाई के साथ खुर्सीपार से नेहरू नगर गुरूद्वारा जा रहे थे। सुपेला ओव्हर ब्रीज के नीचे टाटा शोरूम के पास के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रही ट्रक क्रमांक एनएल 01 एई 3217 के चालक ने अपनी ट्रक को खतरनाक ढंग से तेज रफ्तार में लचाते हुए ठोकर मार दी। इससे सामने चल रही स्वीफ्ट कार से ठोकर लग गई है।

## बीएसएफ का फर्जी आईडी दिखाकर लोगों को दिखा रहा था रौब, आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- बीएसएफ का फर्जी आई कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस किया जब्त

थाना मोहन नगर पुलिस ने लोक सेवक बनकर लोगों को गुमराह करने वाले एक फर्जी बीएसएफ कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी नकली बीएसएफ आई कार्ड बनाकर खुद को सीमा सुरक्षा बल का जवान बताता था और इसी आधार पर रौब जमाता था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक डिजायर कार, बीएसएफ का फर्जी आई कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस जब्त किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विगत 20 दिसंबर को मोहन नगर थाना की पेट्रोलिंग पार्टी ग्रीन चौक दुर्ग में वाहन चेकिंग ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान चार पहिया वाहन डिजायर क्रमांक सीजी 07 सीआर 9095 को रोककर जांच की गई। वाहन चालक ने पूछताछ में अपना नाम सिमरनजीत सिंह पिता स्व. कुलवंत सिंह उम्र 31 वर्ष बताया। वह मूल रूप से सुंदर नगर मीरा कोट चौक एयरपोर्ट रोड थाना कम्बोज जिला अमृतसर पंजाब का निवासी है और वर्तमान में सिंधिया नगर सेंगर हाउस दुर्ग में रह रहा था। आरोपी ने खुद को बीएसएफ में कार्यरत बताते हुए एक आई कार्ड दिखाया। पुलिस को संदेह होने पर उससे कड़ाई से पूछताछ की गई, लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने बीएसएफ कार्यालय से संपर्क कर जानकारी ली, जहां से पुष्टि हुई कि उक्त नाम का कोई भी व्यक्ति बीएसएफ में कर्मचारी नहीं है। जांच में यह सामने आया कि आरोपी फर्जी बीएसएफ आई कार्ड और अन्य दस्तावेजों के जरिए खुद को लोक सेवक बताकर पहचान का दुरुपयोग कर रहा था। थाना मोहन नगर में धारा 204, 319(2) जुर्म दर्ज किया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## शिव महापुराण कथा की भीड़ में बिछड़े बच्चों और बुजुर्गों को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**दुर्ग।** ग्राम नगपुरा में आयोजित शिव कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा सीहोर वाले की शिव महापुराण कथा का रविवार को शांतिपूर्ण समापन हो गई। 17 से 21 दिसंबर तक चले इस धार्मिक आयोजन के दौरान दुर्ग पुलिस की मुस्तैदी और सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था सराहनीय रही।



कार्यक्रम में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए दुर्ग पुलिस द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा व्यवस्था के तहत 30 राजपत्रित अधिकारियों सहित करीब 450 पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। आयोजन स्थल पर भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। भीड़ अधिक होने के कारण कुछ बच्चे और बुजुर्ग अपने परिजनों से बिछड़ गए थे। ऐसे सभी मामलों में कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए पुलिस सहायता केंद्र के माध्यम से उन्हें सुरक्षित उनके परिजनों से मिलाया गया, जिससे किसी भी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई। पुलिस द्वारा आयोजन स्थल की निगरानी सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन कैमरों से लगातार की जा रही थी। वहीं असामाजिक तत्वों और चोरों पर नजर रखने के लिए सादी वर्दी में भी अलग से पुलिस बल तैनात किया गया था।






## अवैध शराब बेचते पांच आरोपी हुए गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दुर्ग पुलिस ने देर रात तक चलाया विशेष अभियान

जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दुर्ग पुलिस ने शाम से मध्यरात्रि तक विशेष अभियान चलाया। यह कार्रवाई एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देशन में ऑपरेशन विश्वास अभियान के तहत की गई।

वहीं मिथलेश साहू (40 वर्ष) निवासी गंजपारा दुर्ग, बादशाह खान (21 वर्ष) धमधा, टी. पार्वती (50 वर्ष) गौतम नगर खुर्सीपार भिलाई, भारत भूषण टंडन (33 वर्ष) पुरानी बस्ती सुपेला भिलाई और नारायण साहू (22 वर्ष) चरोदा को पुलिस ने धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान छावनी, दुर्ग और भिलाई नगर अनुविभाग क्षेत्र में चौक-चौराहों और संदिग्ध स्थानों पर अड्डेबाजी करने वालों की सघन चेकिंग की गई। पूरी कार्रवाई राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में की गई, जिसमें 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। चेकिंग के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई।

पुलिस ने 150 से अधिक पौवा शराब जब्त की। कुल 27 व्यक्तियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया, जबकि 5 व्यक्तियों पर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। थाना क्षेत्रवार कार्रवाई में पद्मनाभपुर में 8, दुर्ग, मोहन नगर और पुलगांव में 3-3, नेवई, जामुल और पुरानी भिलाई में 2-2, सुपेला, वैशाली नगर और अंजोरा में 2-2 तथा छावनी खुर्सीपार, जामगांव और नगपुरा में 1-1 प्रकरण दर्ज किए गए।




# सत्य के सजग, निडर पत्रकारिता के प्रतिबिंब दैनिक

हरिभूमि 24TH YEARS ANNIVERSARY CELEBRATION

# हरिभूमि

## रायपुर संस्करण के 24 वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...





हरिभूमि समाचार पत्र के 24 वर्षों की विश्वासपूर्ण पत्रकारिता और उज्ज्वल भविष्य की ओरपत्रकारिता केवल समाचार देने का माध्यम ही नहीं होती, बल्कि यह समाज का दर्पण, लोकतंत्र की रीढ़ और जन-जन की आवाज़ होती है! ऐसे में हरिभूमि समाचार पत्र का 24 वर्ष पूर्ण करना केवल एक संस्थान की वर्षगांठ नहीं, बल्कि प्रतिबद्ध, निर्भीक और जनोन्मुख पत्रकारिता की एक सशक्त यात्रा का उत्सव है! हरिभूमि समाचार पत्र अपने रजत जयंती वर्ष के राह पर निकल चली है! 24 वर्ष पूर्व जिस उद्देश्य, विश्वास और संकल्प के साथ अपने कदम बढ़ाए, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक और मजबूत दिखाई देता है।इन वर्षों में हरिभूमि समाचार पत्र ने समय के साथ स्वयं को बदला, तकनीक को अपनाया, पाठकों की अपेक्षाओं को समझा और अपनी पत्रकारिता की धार को लगातार तेज किया, तारीफ़ के काबिल है! यही कारण है कि आज हरिभूमि केवल एक समाचार पत्र नहीं, बल्कि करोड़ों पाठकों का भरोसा भी बन चुका है! हरिभूमि की सबसे बड़ी ताकत उसकी निष्पक्षता और साहसिक लेखनी रही है, साथ ही साथ जब-जब समाज को सच की आवश्यकता पड़ी, तब-तब इस अखबार ने बिना किसी दबाव के सच्चाई को सामने रखा जैसे कि ग्रामीण मुद्दों से लेकर शहरी समस्याओं तक, राजनीति से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति और खेल तक का सफ़र हरिभूमि ने हर वर्ग और हर विषय को समान महत्व दिया है !यही समावेशी दृष्टिकोण इसे अन्य समाचार माध्यमों से अलग पहचान देता है! आज के दौर में, जब पत्रकारिता कई चुनौतियों से जूझ रही है, फेक न्यूज, टीआरपी की होड़, डिजिटल दबाव ऐसे समय में हरिभूमि का 24 वर्षों तक अपनी विश्वसनीयता बनाए रखना प्रशंसनीय ही नहीं, प्रेरणादायक भी है।यह सफलता संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों और प्रबंधन की सामूहिक मेहनत का परिणाम है, जिन्होंने पत्रकारिता को व्यवसाय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में निभाया वो सम्मान के हकदार भी हैं।



संकलनकर्ता
**सुरेंद्र यादव**
हरिभूमि, संवाददाता
धमधा, मो.: 9301280818

### सामाजिक सरोकार से परिपूर्ण




हरिभूमि समाचार पत्र एक ऐसा अखबार है जो सभी धर्म-संप्रदाय के हक में अपने विचार रखता है, हरिभूमि जन साधारण के पास जाकर, उनसे उनकी समस्याओं के बारे में लोगो की समस्याए सुनकर समस्याओं के निवारण करते है।

**संजय कश्यप**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति खिलोराकला पं.क्र. 3328**

### त्वरित टिप्पणी का जवाब नहीं




जैसा नाम, वैसा ही काम त्वरित टिप्पणी के प्रकाशन होते ही शासन-प्रसासन का तत्काल कार्यवाही होना देखने को मिलता है। त्वरित टिप्पणी में हमेशा सच्ची खबरों को प्रकाशित किया जाना यह हरिभूमि अखबार का दायित्व व कर्त्तव्य होता है।

**सागर वर्मा**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति बरहापुर पं.क्र. 3325**

### स्वास्थ्य का खजाना, सेहत




शारीरिक स्वास्थ्य शरीर की स्तिथि को दर्शाता है। हरिभूमि अपने सेहत प्ररिशिष्ठ के माध्यम से शरीर की संरचना, विकास, कार्यप्रणाली और रखरखाव आदि शामिल होता है, जिससे बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी पाठकों को दी जाती है।

**डामनलाल साहू**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति मोहरेंगा पं.क्र. 68**

### हमारी ज़िन्दगी का हिस्सा हरिभूमि




अखबार का महत्व समझने के लिए आपको खुद का महत्व समझना होगा। क्योंकि जब सारे हथियार बेअसर हो जाते हैं तो अखबार ही काम आता है। ठीक उसी तरह हरिभूमि अखबार हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है।

**दिनेश यादव**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति पेन्ड्रावन पं.क्र. 1595**

### जब खबर से पोल है खुलती




जब खबर से पोल खुलती है, तभी सच्ची खबर हमें पढने को मिलती है, हरिभूमि ने अपने 23 वर्षों की मेहनत से हमेशा सच्चाई ही प्रकट किया है। इसी वजह से ही पाठकों ने हमें बहुत प्यार एवं विश्वास के साथ हमेशा छ.ग. का नं. 1 अखबार बना दिया।

**कोमल जंघेल**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति रौंदा पं.क्र. 3322**

### प्रदेश को नई पहचान दी




हरिभूमि के शुरूआत से ही राज्य के विकास में हरिभूमि का विशेष योगदान रहा, समाचार के माध्यम से जन-जन की आवाज को समय-समय पर बुलंद करके शासन, प्रसाशन व जनता की आवाज बनता गया। प्रदेश को नई पहचान देने में योगदान रहा।

**डॉ. राजाराम पटेल**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति मर्या. धमधा पं.क्र. 582**

### सबसे सस्ता, सब से अच्छा




हरिभूमि प्रारम्भ समय में एक रूपये का अखबार आपने पाठकों को सही दाम और सच्ची खबरों के साथ अपने पाठकों के हर घर का सबसे प्रिय अखबार बनता गया, और आज छत्तीसगढ़ का सबसे बड़े अखबार के रूप में हमारे पाठकों ने हमें यह स्थान दिया।

**रोहित सिंह राजपूत**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति देवरी पं.क्र. 1624**

### समाचारों की कसावट हेतु प्रतिबद्ध




भले ही आज का इन्टरनेट युग है मगर समाचार पत्रों एवं अखबारों ने अपनी उपयोगिता को अभी तक बनाए रखा हैं, सस्ती कीमत तथा टिकाऊ खबरों के स्रोत समाचार पत्र का महत्व आज भी उतना ही है जितना किसी समय हुआ करता था, हरिभूमि अपने समाचारों हेतु प्रतिबद्ध रहता है।

**संतोष यादव**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति ठेंगाभाठ पं.क्र. 613**

### बच्चों के सर्वागीण विकास में सहायक, बाल भूमि




प्रत्येक बच्चे के पास उत्प्रेरणा, शिक्षा, खेल – कूद मनोरंजन और क्रियाकलापों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास का अधिकार है, उसी को देखते हुए हरिभूमि ने बच्चों के लिए बाल भूमि परिशिष्ठ प्रकाशित किया जिससे बच्चों के सर्वागीण विकास हो सकें।

**संतोष निर्मलकर**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति रहटादाह पं.क्र. 3324**

### नित नये आयाम गढ़ते गया




हरिभूमि के स्थापना दिवस के समय पर ही प्रदेश का ही गठन हाल ही में हुआ था उस समय से आज तक जैसे राज्य प्रगति पथ पर अग्रसर रहा उसी तरह मेरा प्रिय अखबार हरिभूमि नित नये आयाम गढ़ते

**बिरसिंह पटेल**
अध्यक्ष
**सेवा सहकारी समिति कन्हारपुरी पं.क्र. 2512**



"प्रिंटिंग हो या विज्ञापन एक ही स्थान पर, पूरे छत्तीसगढ़ के लिए।"
**सिम्मी कम्प्यूटर्स & फ्लैक्स प्रिंटिंग**
9301280818,7697366222



अपने व्यापार का ब्रांडिंग कराइए पूरे छत्तीसगढ़ में
HP सांई फ्यूल्स के सामने श्री महामाया मंदिर रोड धमधा
ऑफीस : कोचर ट्रैक्टर्स के पास मेन रोड के पास दुर्ग (छ.ग.)

# नगरीय निकायों के जनगणना चार्ज अधिकारी और राजस्व अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## जिले में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू, दिए जरूरी दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में जनगणना 2027 की तैयारियां शुरू हो गई है। ग्रामों की भौगोलिक सीमा तथा स्थिति की सटीक रूप से भूसंदर्भित के संदर्भ में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में नगरीय निकायों के जनगणना जार्च अधिकारी और राजस्व अधिकारियों की प्रशिक्षण आयोजित की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेते हुए जनगणना के समय आने वाली समस्याओं के संबंध में प्रशिक्षकों से आवश्यकतापूर्वक जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण में सहायक निर्देशक जनगणना एवं दुर्ग जिले की जनगणना नोडल अधिकारी रश्मिता स्वाई ने अवगत कराया कि भारत की जनगणना 2027 दो चरणों में पूर्ण रूप से डिजिटल माध्यम से कराई जानी है। जनगणना में नगरों एवं ग्रामों की भौगोलिक स्थिति का भूसंदर्भ में सटीक होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे कोई भी बसाहट का क्षेत्र छूटे नहीं अथवा किसी क्षेत्र का दूसरे क्षेत्र में अधिव्यापन न हो।



जनगणना कार्य हेतु उपयोग किए जाने वाले चार्ज मानचित्र में ग्रामों एवं नगरों की सीमा तथा स्थिति की सटीकता संबंधित चार्ज अधिकारी की जिम्मेदारी है, जिस कारण चार्ज मानचित्र को चार्ज अधिकारी द्वारा प्रमाणित एवं सत्यापित किया जाता है। श्रीमती स्वाई ने बताया कि आगामी जनगणना 2027 के लिए ग्रामों एवं नगरों के सीमाओं की सटीकता को सुनिश्चित करने के लिए जनगणना निदेशालय द्वारा तहसीलवार शेप फाईल सॉफ्ट कॉपी में प्रदान की जाएगी, जिसमें तहसीलों के प्रत्येक राजस्व ग्राम एवं नगर को संबंधित चार्ज अधिकारी द्वारा पूर्व में प्रमाणित एवं सत्यापित किए गए मानचित्र के अनुरूप दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि शेप फाईल को संबंधित तहसील कार्यालय द्वारा अच्छी तरह से जांचा जाना है। यदि इसमें कोई विसंगति हो तो आवश्यकतानुसार गूगल अर्थ प्रो पर ग्रामों की सीमाओं को सुसंगत कर संशोधित शेप फाईल जनगणना निदेशालय को प्रेषित करनी होगी। जांच के दौरान यह भी सुनिश्चित कर लिया जाए कि मानचित्र में तहसील में स्थित समस्त राजस्व ग्राम एवं नगर सम्मिलित है। इस प्रशिक्षण में एडीएम अभिषेक अग्रवाल, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त दशरथ राजपूत, एसडीएम दुर्ग ग्रामीण हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम दुर्ग शहर उत्तम ध्रुव, सभी तहसीलदार सहित नगरीय निकायों के जनगणना चार्ज अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### घासीदास जयंती गुरु पर्व व मंडई मेला आज

**अंडा।** गुरु घासीदास जयंती समारोह एवं मंडई मेला का आयोजन जय स्तम्भ चौक ग्राम आलबरस में 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से किया गया है। शुरूआत कलश यात्रा से होगी। मुख्य अतिथि विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर होंगे। अध्यक्षता सरस्वती बंजारे अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग करेंगी। विशेष अतिथि पंथी गुरू पुराणिक लाल चेलक, सैनिक भुवन लाल देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस, अध्यक्ष सतनाम भवन सेक्टर 6 बी. एल कुर्रे , राजभाषा सचिव रायपुर अनिल भतपहरी,अध्यक्ष सतनामी आश्रम दुर्ग चंद्रशेखर बंजारे,अध्यक्ष दुर्ग तहसील सतनामी समाज शीतल कोठारी, अध्यक्ष अंडा निकुम मंडल लीकेश्वर देशमुख व अन्य होंगे।

## निधन

### रत्ना शुक्ला

**भिलाई।** पुराना बस्ती, कोहका, भिलाई निवासी रत्ना शुक्ला 67 वर्ष का निधन 21 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 दिसंबर को सुबह 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे भिलाई स्टील प्लांट से सेवानिवृत्त सीनियर रिसर्च ऑफिसर डॉ. श्रवण कुमार शुक्ला की पत्नी और देवेंद्र शुक्ला, यामिनी एवं श्वेता शर्मा की मां थीं।



### उदेकरण देशमुख

**भिलाई।** ग्राम बेलौदी निवासी उदेकरण देशमुख 70 वर्ष का निधन 21 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे कुलदीप देशमुख के पिता, चुनुराम, तीरथ, योगी, खेमराज के चाचा थे।



### बसंती बघेल

**भिलाई।** सिंधिया नगर दुर्ग निवासी बसंती बघेल 76 वर्ष का निधन 21 दिसंबर को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 दिसंबर को सुबह 11 बजे निवास स्थान से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. कृत कुमार की पत्नी और पूर्व एल्डरमेन लुकेश बघेल, राकेश बघेल, गायत्री वर्मा, विरा बंछोर की मां एवं पूर्व पार्षद कुमुद बघेल की सास थीं।



## जनप्रतिनिधियों से शिकायतें भी रही बेअसर

# वैशाली नगर में जर्जर सड़कें, नालियों का अभाव और आवारा कुत्तों से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वार्ड परिक्रमा

नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर में बुनियादी सुविधाओं की कमी ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जर्जर सड़कों, कई इलाकों में नालियों के अभाव और आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक से रहवासी लंबे समय से परेशान हैं, लेकिन अब तक ठोस समाधान नहीं हो पाया है।

वार्ड के ट्रायएंगल पार्क, जैन भवन के पास, कन्या शाला के पीछे सहित कई इलाकों की सड़कें बेहद खराब हालत में हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि करीब छह साल पहले इन सड़कों का निर्माण कराया गया था, लेकिन रखरखाव के अभाव में आज सड़कें उखड़ चुकी हैं। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे पैदल चलना और दोपहिया वाहन चलाना भी जोखिम भरा हो गया है। एमआईजी क्षेत्र और ट्रायएंगल मैदान के आसपास पिछले करीब 40 वर्षों से नालियों का निर्माण ही नहीं हुआ है। बरसात के दिनों में पानी सड़कों और घरों के आसपास भर जाता है। गंदा पानी जमा होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता है और बीमारियों का खतरा बना रहता है। रहवासियों का आरोप है कि इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला।

नरकीय जीवन जीने मजबूर हैं लोग



### जर्जर सड़कें बनी मुसीबत, बरसात के दिनों में हालात बदतर

वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर की जर्जर सड़कों को लेकर एक बार फिर स्थानीय लोगों में नाराजगी सामने आई है। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास निवासी वरिष्ठ नागरिक फत्ते बाबा ने बताया कि इलाके की कई सड़कें आज भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे रोजमर्रा की आवाजाही मुश्किल हो गई है। फत्ते बाबा के अनुसार जर्जर सड़कों से होने वाली समस्याओं के बारे में जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन आज तक सड़कों का संधारण नहीं किया गया। सड़कें उखड़ चुकी हैं और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। गड्ढों में पानी भर जाने से सड़क और नाले का फर्क तक समझ में नहीं आता। फिसलन और जलभराव के कारण गिरने और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं के लिए इन सड़कों पर चलना किसी चुनौती से कम नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वार्ड में वर्षों पहले बनी सड़कों की मरम्मत और पुनर्निर्माण की सख्त जरूरत है।



### ट्रायएंगल मैदान क्षेत्र के रहवासी हो रहे परेशान

ट्रायएंगल मैदान के पास रहने वाले महेश कुमार गुप्ता ने इलाके में वर्षों से चली आ रही बुनियादी समस्या को सामने रखा है। उन्होंने बताया कि वे करीब 40 वर्षों से इसी क्षेत्र में निवासरत हैं, लेकिन इतने लंबे समय में आज तक वहां नाली का निर्माण नहीं किया गया। महेश कुमार गुप्ता के अनुसार नाली नहीं होने की समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला। नाली के अभाव में क्षेत्र के कई परिवार सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि बरसात के दिनों में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। बारिश का पानी सड़कों और घरों के आसपास भर जाता है। जलभराव के कारण आवाजाही बाधित होती है। उन्होंने नगर निगम भिलाई से मांग की है कि ट्रायएंगल मैदान के पास नाली निर्माण का कार्य प्राथमिकता से कराया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही इस समस्या से राहत मिल सके।



### आवारा कुत्तों का आतंक, डर का माहौल

वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर में आवारा कुत्तों और मवेशियों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। पूर्व पार्षद परमजीत सिंह ने इस गंभीर समस्या को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। परमजीत सिंह ने बताया कि वार्ड में आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हालात ऐसे हैं कि बच्चों और बुजुर्गों को डर के साए में घर से बाहर निकलना पड़ता है। कुत्तों के झुंड आए दिन राह चलते लोगों पर दौड़ते हैं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। कई लोग सिर्फ इसी डर से सुबह और शाम टहलने तक से बचने लगे हैं। उन्होंने कहा कि समस्या केवल दिन तक सीमित नहीं है। रात के समय कुत्तों की संख्या और सक्रियता और बढ़ जाती है। लगातार भौंकने की वजह से लोगों की नींद तक हराम हो रही है। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। पूर्व पार्षद ने बताया कि न तो कुत्तों की नसबंदी की व्यवस्था प्रभावी ढंग से की जा रही है और न ही आवारा मवेशियों को पकड़ने की कोई नियमित कार्रवाई नजर आ रही है।



## साहित्यिक यात्रा पर परिचर्चा का हुआ आयोजन, दिए सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य के रजत उत्सव के तहत नवा रायपुर में 23 से 25 जनवरी को तीन दिवसीय साहित्य उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस आयोजन के संबंध में साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ एवं दुर्ग जिला हिन्दी साहित्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में आर्शीवाद भवन पद्मनाभपुर में दुर्ग जिले की साहित्यिक यात्रा विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा में अविभाजित दुर्ग जिले के समस्त वरिष्ठ साहित्यकार सम्मिलित हुए। परिचर्चा के दौरान साहित्यकारों ने दुर्ग जिला गठन 1906 से लेकर जिले के विभाजनकाल एवं अब तक की साहित्यिक यात्रा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। आयोजन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शंशाक शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा है, जिसमें राजनीति से लेकर साहित्य एवं संस्कृति की विशिष्ट पहचान है। छत्तीसगढ़ को बने अभी 25 वर्ष हुए है। छत्तीसगढ़ की इस विशिष्ट पहचान को साहित्य के साथ विकसित राज्य के रूप में प्रदर्शित करने राज्य के रजत उत्सव के दौरान साहित्य उत्सव का भी आयोजन 23 से 25 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इस उत्सव को संपूर्ण छत्तीसगढ़ का उत्सव बनाना है। श्री शर्मा ने दुर्ग जिले के सभी साहित्यकारों को उत्सव में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ साहित्यकार निर्वाण तिवारी और नलनी श्रीवास्तव को आयोजन समिति की ओर से साल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। परिचर्चा में शामिल वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा, रवि श्रीवास्तव, डॉ देवकुमार मंडरिक, गुलबीर सिंह भाटिया, सरला शर्मा, अरूण निगम डीपी देशमुख, राकेश गुप्ता और बलदाऊ राम साहू ने भी दुर्ग जिले की साहित्यिक यात्रा पर अपने विचार व्यक्त किए।

■ 23 से 25 जनवरी 2026 तक साहित्य उत्सव रायपुर में

### पल्स पोलियो में भागीदारी

**उतई।** प्लस पोलियो अभियान तहत 0 से 5 साल तक के बच्चों को प्लस पोलियों की दवा डूमरडीह के वार्ड क्रमांक 18 में एनएम व मितानिन दीदियों द्वारा पिलाया गया।






## महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर में प्राचार्य डा शिखा अग्रवाल की अध्यक्षता में महिला उत्पीड़न पर जागरूकता के उद्देश्य से ऑनलाइन वर्कशॉप ₹सुरक्षा₹ का आयोजन किया गया। काउंसलर और रिसर्च स्कॉलर डॉ निशा गोस्वामी ने किसी भी प्रताड़ना की शिकार महिलाओं और छात्राओं को विभिन्न प्रकार की प्रताड़ना को समझाया और स्वास्थ्य सम्बन्धित सहायताओं , अभिव्यक्ति ऐप, और काउंसलिंग के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं ने हाइब्रिड मोड में कार्यक्रम में अपनी सहभागिता प्रदान की और प्रश्न भी पूछे। कार्यक्रम को सफल बनाने और तकनीकी सहयोग देने में मेजराम जोशी और प्रियम वैष्णव का सहयोग रहा। इसके साथ ही कार्यक्रम डॉ नरेश धर दीवान, रजनीश तिवारी, डॉ आबिद हसन खान, डॉ लता मारकंडे, डॉ संतोष पांडे, ऐश्वर्य ठाकुर, मुकेश कठौतिया, मनोज यादव, पूरणमल शर्मा, गिरीश देशपांडे, कौशल कुमार, रामदेव भू आर्य, उमेश मंडावी, तामेश्वरी, कमलेश कुमार लोमन, चंद्रकला का सहयोग रहा।

## तहसील साहू संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

तहसील साहू संघ पाटन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक साहू सदन (अटारी) पाटन में सम्पन्न हुई। जिसमें राजिम जयंती व युवा महोत्सव आयोजन पर चर्चा हुई। बैठक में तहसील साहू संघ पाटन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लालेश्वर साहू सहित डुलेश्वर साहू उपाध्यक्ष, विमला साहू उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र कुमार साहू संगठन सचिव, भुनेश्वरी साहू संगठन सचिव,महासचिव महेन्द्र कुमार साहू , अश्वनी साहू संरक्षक, गंगादीन साहू जिला प्रतिनिधि,पुरन लाल साहूवरिष्ठ सलाहकार, दिनेश साहू सलाहकार तेलीगुन्डरा मंचासीन रहे। संचालन तहसील साहू संघ के महासचिव महेंद्र कुमार साहू नें किया। तहसील साहू संघ के संरक्षक अश्वनी साहू ने समाज में सक्रियता पर बल दिया। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टेस राम साहू, डॉ सुरेश साहू, योगेश साहू, दिलीप साहू, वरुण साहू, द्वारिका साहू, चूमेंद्र साहू, डॉ रामनाथ साहू, रविशंकर साहू, विनोद साहू, बलदेव साहू, रमेश साहू, कल्याण साहू,श्री मति कोमीन साहू, श्रीमती लता साहू, भगवती साहू, गीता साहू, श्रीमती कालिंदी साहू, मुकेश साहू, छत्रपाल साहू, अशोक साहू, मधुकांत साहू, प्रदीप साहू, भुवनलाल साहू तामेश्वर साहू, हितेंद्र साहू, अनिल साहू, दुरबासा साहू, चेतन लाल साहू, शशिकांत साहू, युगल किशोर साहू, डिपेंद्र साहू, दिनेश साहू आदि उपस्थित थे।



## घुघुवा के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

सांसद खेल महोत्सव में सेजस विद्यालय घुघुवा क सर्कल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। व्यायाम शिक्षक बालाराम साहू ने बताया कि 16 से 30 वर्ष वर्ग में पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग में कबड्डी टीम विजेता रही, साथ ही भारोत्तोलन के खिलाड़ी प्रयास यादव, लोकेशवरी साहू, तनुजा बंधे, शिवानी निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त कर आगामी स्तर पर खेलने हेतु चयनित हुए हैं। चयनित खिलाड़ी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती 25 दिसम्बर पर दुर्ग जयंती स्टेडियम में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव में खेलेंगे।

सभापति प्रणव शर्मा ने समस्त विजेता एवं आगामी स्तर हेतु चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर सेजस घुघुवा क विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष थानेश्वर प्रसाद साहू, पालक समिति अध्यक्ष प्रशांत शर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच शैलेंद्री साहू, प्रिंसिपल के के पहरी, सभी एसएमडीसी सदस्यगण, शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## धमधा के हीरेतरा में विशाल किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

# भूमि रकबा त्रुटि सुधार और धान खरीदी टोकन व्यवस्था दुरुस्त करने मांग उठाई किसानों ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

किसान बंधु संगठन की ओर से ग्राम हीरेतरा में धमधा ब्लॉक के 23 वें स्थापना दिवस पर विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद किसानों ने एकजुट होकर अपनी समस्याएं बुलंद आवाज में रखीं। इस सम्मेलन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहां कांग्रेस, बीजेपी या किसी अन्य राजनीतिक दल के झंडे नहीं थे, बल्कि केवल किसान, उनके मुद्दे और उनके अधिकारों की चर्चा थी। इस दौरान किसानों ने भूमि रकबा त्रुटि सुधार, धान खरीदी केंद्रों में टोकन व्यवस्था को दुरुस्त करने और वर्तमान में 2000 से 2300 कट्टा की सीमा को बढ़ाकर 4000 कट्टा धान खरीदी करने की मांग रखी।

ग्राम परसकोल के किसानों ने बताया कि उन्हें पिछले 30 से 35 वर्षों से मुआवजा नहीं मिला, जिससे वे लगातार परेशान हैं। वहीं ग्राम धूमा सहित पूरे क्षेत्र के किसानों ने बिजली कटौती और बिजली बिलों में हुई बेतहाशा बढ़ोतरी पर नाराजगी जाहिर की।

किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि अछोली शराब दुकान फर्जी प्रस्ताव मामला, धमधा जनपद सीईओ के विरोध में जांच की मांग, तथा ठेलका सब स्टेशन में पर्याप्त कर्मचारियों की नियुक्ति को लेकर पूर्व में कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापनों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए किसान नेता बाबा टेकसिंह चंदेल ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा— "किसान अब सिर्फ सुनता नहीं रहेगा। जमीन, धान, बिजली और मुआवजे से जुड़े मुद्दों को अगर जल्द नहीं सुलझाया गया तो किसान बंधु संगठन सड़क से सदन तक आंदोलन करेगा। यह लड़ाई किसी दल की नहीं, किसान के हक की है।"



कार्यक्रम में अन्य किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने भी किसानों को संबोधित किया। इनमें राजकुमार गुप्ता (संयोजक, प्रगतिशील किसान संगठन), आई.के. वर्मा (प्रांतीय अध्यक्ष, प्रगतिशील किसान संगठन), सुदेश टीकम (जिला किसान संघ, राजनांदगांव), रवि ताम्रकार (संयुक्त किसान मोर्चा), ढालेस साहू (जनपद सदस्य दुर्ग), डालू वर्मा (अध्यक्ष, लोधी समाज धमधा सर्किल), जय प्रकाश विश्वकर्मा, सहित कई नेताओं ने किसानों की एकता और संघर्ष को मजबूती देने की बात कही।कार्यक्रम में आत्मा साहू (अध्यक्ष, किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक), मोती वर्मा (सरपंच प्रतिनिधि), देवेंद्र चंदेल (पूर्व सरपंच), तामेश्वर चंदेल, इंदूर प्रसाद चंदेल, भुनेश्वर नेताम, भवानी सिन्हा, परमेश्वर साहू, नूतन यादव, महेंद्र वर्मा, लेखराम वर्मा, देवेंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, चंद्रकांता राजपूत, पेखन यादव, दादू शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## डुंडेरा में मनाई बाबा गुरु घासीदास जयंती



**उतई।** ग्राम डुंडेरा के शास्त्री चौक में बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह बड़े धूमधाम से मनाया गया।गुरु गद्दी व जैतखाम का पूजा अर्चना कर पंथी के धुन में व बाबा जी के जयकारे के साथ पालो चढ़ाव का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जयंती कार्यक्रम के मुख्यातिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता सतनामी समाज मे अध्यक्ष कीर्तनलाल कोसरे ने की। विशिष्ट अतिथि पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, पार्षद खिलेन्द्र चंद्राकर,छंगा साहू,यादव समाज के अध्यक्ष मोहन यादव,हुलराम सपहा और बिसेसर कुर्रे शामिल हुए। मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि बाबा घासीदास की सत्य के प्रति अटूट आस्था थी,जिसका लोगों पर काफी प्रभाव पड़ा। इस दौरान सामाजिक क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगो का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप बंजारे व पवन बंजारे ने किया।इस दौरान समाज के अध्यक्ष कीर्तन कोसरे,पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बंजारे,ओमप्रकाश कोसरे,नरेंद्र कोसरे,विक्की मनहर,ओमप्रकाश बंजारे,राधेश्याम सोनवानी,टोपु कोसरे,राजेन्द्र कोसरे,दिनेश बंजारे,राजू कोसरे,गंगा मनहर,गोपाल कोसरे,गोवर्धन कोसरे,नोलेश कोसरे,डेरहा जांगड़े,संतोष महिलांगे,लोमन सोनी,चंदूलाल गायकवाड़,टीकाराम,दिनेश बंजारे,अनिता कोसरे, कल्पना कोसरे, पुष्पा बंजारे आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### श्रीराम कथा से पहले किया श्रमदान

**जामुल।** श्री राम कथा के पावन आयोजन से पूर्व श्री राम कथा स्थल, शिवपुरी स्टेडियम—जामुल में एक व्यापक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन रविवार को किया गया। इस पुण्य अवसर पर आयोजन समिति की केन्द्रीय (कोर) समिति के सभी सदस्य, साथ ही नगरवासी उत्साह एवं श्रद्धा के साथ सहभागी बने। उल्लेखनीय है कि दिव्य–भव्य श्री राम कथा का आयोजन 29 दिसम्बर से 06 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शिवपुरी स्टेडियम, जामुल में किया जाएगा, जिसमें जगतगुरु श्री राघवाचार्य महाराज कथा वाचन करेंगे। आयोजन समिति ने श्रमदान में सहभागी सभी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अधिकाधिक संख्या में कथा श्रवण हेतु सादर आमंत्रण दिया है।

### परसदा में 117 बच्चों ने ली दो बूंद जिंदगी की

**अंडा।** ग्राम परसदा में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। 117 बच्चों को पल्स पोलियों पिलाया गया जिसमें गांव की सरपंच सत्यवती साहू द्वारा शुरूआत की गई गांव की सभी मितानिन उपस्थित रही, दीपावली, बसंती मानिकपुरी, भुवनेश्वरी, रुखमणी और सगनी जोशी द्वारा सहयोग किया गया गांव की पंच सरस्वती साहू भी शामिल थी।

### दिव्यांग सुरेश ने पोलियो पिलाने किया प्रेरित



**निकुम।** ग्राम पंचायत भोथली के पूर्व दिव्यांग सरपंच व समाज सेवी सुरेश साहू ने पल्स पोलियो अभियान में भागीदारी देते हुए लोगों से भी अपील की। वहीं भोथली, तिरगा और रुदा सहित निकुम आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 में पल्स पोलियो दवा पिलाई। इस अवसर पर आर एच ओ , सी एच सी निकुम रेखा निर्मलकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता यदु, मितानिन कुसुम चौधरी , भगवती चौधरी सहित अन्य का योगदान रहा।

### जामुल में भी पिलाई पोलियो की दवा

**जामुल।** उप स्वास्थ केंद्र जामुल स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में 0 से 5 वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राफ्स पिलाया गया। इस महत्वपूर्ण शिविर में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष रेखराम बंछोर, मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, स्वामी आत्मानंद स्कूल के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता बी आर रामटेके, ओमप्रकाश मौर्या ने नन्हे बच्चों को पोलियो ड्राफ्ट पिलाया।

## जिला अस्पताल में रविवार को जन्मे 9 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई

# 85 प्रतिशत बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा, आज घरों में पहुंचेंगे स्वास्थ्य कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चक्र के प्रथम दिवस रविवार को दुर्ग जिले के 85 प्रतिशत बच्चों ने पोलियों की दवा पी। जिला अस्पताल में रविवार को जन्म लिए 9 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। पल्स पोलियो अभियान के प्रथम चरण में कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं अधिकारी डॉ. मनोज दानी व जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शून्य से 5 साल के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया गया।ग्रामीण क्षेत्रों के मेलें एवं मड़ई स्थलों, प्रवचन स्थलों, ईट भट्टी व फैक्ट्री क्षेत्र के आसपास, बाड़ी, नदी के किनारे की बसाहट में टीकाकरण दल द्वारा भ्रमण कर पोलियो खुराक पिलाई गई। पहले दिन जो बच्चे पोलियों की दवा पीने से छूट गए हैं उन्हे 22 एवं 23 दिसंबर को भी घरों में जाकर दवा पिलाई जाएगी।

**0 से 5 साल के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर किया प्रतिरक्षित**



### 3.45 लाख घरों का भ्रमण अभियान

जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि अभियान के द्वितीय व तृतीय दिवस 22 व 23 दिसंबर 2025 को टीकाकरण दलों जिनमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, आंगनबाडी कार्यकर्ता, मितानिन, कोटवार आदि द्वारा जिले के कुल 3.45 लाख घरों का भ्रमण कर अभियान के प्रथम दिवस को निर्धारित बुथ में न आने वाले छुटे हुए बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जायेगा। साथ ही 21 दिसम्बर 2025 को सिविल सर्जन डॉ. आशीषन कुमार मिंज द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल दुर्ग में रविवार को जन्म लिए 09 नवजात शिशुओं को पोलियो ड्राप पिलाया गया तथा सेक्टर 9 बी.एस.पी. अस्पताल, निजी नर्सिंग होम में नवजात बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया गया। इसके अलावा शहरी क्षेत्र दुर्ग व भिलाई के रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, टेम्पो स्टैण्ड में ट्रांजिट टीम व ओवरब्रिज के आस-पास के झुग्गी झोपड़ी में मोबाईल टीम नें विशेष रूप से भ्रमण किया।

### मंत्री गजेन्द्र, विधायक रिकेश ने किया शुभारंभ

नगर निगम क्षेत्र दुर्ग अंतर्गत स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव, नगर निगम दुर्ग महापौर श्रीमती अलका बाघमार, कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा जिला चिकित्सालय दुर्ग में पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ किया गया।
मुख्यालय के शहरी क्षेत्र भिलाई अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला भिलाई में विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन, विकासखंड पाटन अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पोलियो बूथ में अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन योगेश (निक्की) भाले, विकासखंड धमधा अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पोलियो बूथ में उपाध्यक्ष नगर पंचायत धमधा बृजेन्द्र दानी, विकासखंड निकुम दुर्ग अंतर्गत पुरानी बस्ती जी.डी. नगर निकुम में जनपद सदस्य लीलावति देशमुख, सरपंच एवं विधायक प्रतिनिधि भागवत पटेल द्वारा टीकाकरण बूथों में उपस्थित होकर पोलियो ड्रॉप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया।

### मॉनिटरिंग की अधिकारियों ने

कलेक्टर सिंह द्वारा समय-समय पर अभियान की जानकारी एवं उपलब्धि के विषय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी लेते हुए सम्पूर्ण सफलता हेतु आवश्यक निर्देश देते रहे। जिला स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा 21 दिसम्बर 2025 को प्रातः 08:00 बजे से शहरी क्षेत्र नगर निगम दुर्ग/भिलाई एवं विभिन्न विकासखण्डों के ग्रामों के टीकाकरण बुथों में मॉनिटरिंग की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी व जिला टीकाकरण अधिकारी दुर्ग नगरीय क्षेत्र, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव ग्लैड विकासखंड पाटन, जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ सी.बी.एस. बंजारे विकासखंड निकुम क्षेत्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अर्चना चौहान ने नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली व टाउनशिप क्षेत्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव ने विकासखंड धमधा एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं का भ्रमण कर मॉनिटरिंग की। विकासखंड क्षेत्रों में खण्ड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा डॉ. देवेन्द्र बेलचंदन शहरी दुर्ग, डॉ. बीआर कठौतिया पाटन एवं डॉ. डी.पी. ठाकुर ने धमधा में भ्रमण कर मानिटरिंग की।

### रिसाली में महापौर और पार्षदों ने दी सहभागिता

रिसाली निगम क्षेत्र में पल्स पोलियों की दवा विभिन्न बूथों में पिलाई गई। इस



निगम क्षेत्र के अंतर्गत स्कूलों को पोलियो बूथ बनाया गया था। महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर सहित पार्षदों ने अपने अपने क्षेत्र में पोलियो की दवा पिलाने में सहभागिता निभाई। पार्षद 25 मनीष यादव ने बूथ में जाकर पांच साल तक आयु वर्ग के बच्चों को पोलियों की दवा पिलाकर अपनी सहभागिता दी। उन्होने अपने वार्ड में 0 से 5 साल तक के बच्चों को बूथ तक ले जाने के लिए घरों में भ्रमण कर माताओं को प्रेरित किया।

# सेल प्रबंधन से बातचीत के बाद होगा अनशन समाप्त : देवेंद्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारियों और अधिकारियों के अधिकारों को लेकर विधायक देवेंद्र यादव का सत्याग्रह लगातार जारी है। विधायक ने साफ कर दिया है कि जब तक शासन और सेल प्रबंधन चर्चा की मेज पर नहीं आएंगे, तब तक उनका

- अनशन रहेगा जारी

अनशन नहीं टूटेगा। सत्याग्रह के दूसरे दिन भी देवेंद्र यादव ने खुले टेंट में रात बिताई। आंदोलन को अब तक 10 हजार से अधिक लोगों का जन समर्थन मिल चुका है। सभी ट्रेड यूनियनों ने इस आंदोलन को समर्थन दिया है। रविवार को सत्याग्रह स्थल पर विधायक की मां पहुंचीं। इस भावनात्मक मुलाकात का जिक्र करते हुए देवेंद्र यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनकी मां ने कहा भिलाई हमारा परिवार है और इस परिवार के लिए बेटा जो कर सकते हो करो। मां के आशीर्वाद ने आंदोलन को और मजबूती दी। विधायक देवेंद्र सरकार और सेल प्रबंधन की नीतियों, रिटेंशन स्कीम, निजीकरण, सेक्टर-9 अस्पताल, आवास व्यवस्था, न्यूनतम वेतन, 39 माह के बकाया एरियर और बोनस जैसे मुद्दों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। आरोप है कि केंद्र सरकार की नीतियों के सहारे बीएसपी कर्मचारियों और भिलाई के नागरिकों की आवाज दबाई जा रही है।

### ट्रेड यूनियनों का समर्थन

बीएसपी की पूर्व मान्यता प्राप्त यूनियन इंटक के महासचिव और एनजेसीएस सदस्य वंश बहादुर सिंह ने आंदोलन को पूरा समर्थन देने की घोषणा की। वहीं सीटू के उपाध्यक्ष डीवीएस रेड्डी ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार की नीतियों से भिलाई की बसाहट को कमजोर किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### ताम्रध्वज सहित इनका समर्थन

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सत्याग्रह स्थल पर पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। पूर्व विधायक अरुण वोरा, महापौर नीरज पाल, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, लालचंद वर्मा, राजेंद्र सिंह परगनिहा, योगेश सोनी, टी. जोगा राव, लक्ष्मीपति राजू, श्याम लाल साहू, जय प्रकाश नायर, संजय साहू इंटक ठेका श्रमिक, अरुण सिसोदिया, अतुल श्रीवास्तव, लक्ष्मीपति राजू, सीजू एंथनी, गुड्डू खान, भोलू श्रीवास्तव, मनोज पांडे आदि उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई**

**9300663610, 7489348301**

# टाउनशिप में खटाल बन रहे दुर्घटना और परेशानी का कारण, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुछ साल पूर्व तक नीट एंड क्लीन मानी जाने वाली बीएसपी टाउनशिप में खटालों की बढ़ती तादाद से लोगों को दोतरफा परेशानी हो रही है। गंदगी के साथ मवेशियों से दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बीएसपी प्रबंधन से खटालों पर अंकुश लगाकर राहत दिलाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि एक डेढ़ दशक पूर्व तक

- दो दर्जन से अधिक खटाल नीट एंड क्लीन इस्पातनगरी को कर रहे खराब

सेक्टर इलाके को हरियाली के साथ सुंदर और स्वच्छता के लिए जाना जाता था, लेकिन यह पहचान अब धीरे धीरे धुंधली होती जा रही है। इसकी प्रमुख वजह पूरे टाउनशिप में आवारा मवेशियों के विचरने के साथ खटालों का बढ़ना है। विभिन्न सेक्टरों और बीएसपी इलाके में करीबन दो दर्जन खटालों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अवैध रूप से संचालित इन खटालों से भारी अस्वच्छता के साथ जहां संक्रामक बीमारियों का अंदेशा बना रहता है वहीं मवेशियों के सड़कों पर घूमने से टैफिक दुर्घटनाजन्य बना हुआ है। पिछले कई साल से संचालित खटालों के अलावा कई जगह नए खटाल भी खुल गए हैं। रुआबांध सेक्टर, रिसाली, स्टेशन मड़ौदा रोड, भिलाई नगर स्टेशन, सेक्टर 7, तालपुरी बोरसी रोड आदि क्षेत्रों में बीस से पच्चीस खटालों का संचालन हो रहा है। इनमें सैकड़ों मवेशियों के गोबर आदि से आसपास भारी गंदगी और बदबू का माहौल है। खटालों के भैंस, गाय और बछड़े आदि सड़कों व मैदानों में घूमने से वाहनचालकों को वाहन चलाना मुश्किल और जानलेवा साबित हो रहा है।

### आवारा मवेशियों से भी बढ़ रही दुर्घटनाएं

टाउनशिप में खटालों के संचालक दूध दुहने के बाद चरने के लिए



खुल में छोड़ दे रहे हैं। यही हाल विभिन्न सेक्टरों में सैकड़ों रहवासियों द्वारा पाले गए गाय भैंसों का भी है। कई लोग अपनी गायों का दूध दुहने के बाद कोठे और चारे से बचने के लिए चरने के लिए सड़कों पर छोड़ देते हैं। आवारा मवेशी सभी सेक्टरों में झुंड में विचरते हैं और घरो के सामने भी खड़े रहते हैं। इससे आए दिन दोपहिया वाहनों के टकराने से दुर्घटनाएं हो रही है। कई लोग हेड इंजुरी के साथ अपाहित भी हो रहे हैं। अस्पतालों मे आने वाले हर तीसरा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति आवारा मवेशी के टकराने घायल हुआ है। क्षेत्रवासियों ने अवैध खटालें हटाने के साथ आवारा मवेशियों के धरपकड़ के लिए अभियान चलाने की मांग बीएसपी व नगर निग से की है।

## सेक्टर-6 कंट्रोल रूम में हुई समीक्षा बैठक

# आम जनता से अच्छा व्यवहार करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी : एसएसपी विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वर्ष 2025 की समाप्ति से पहले दुर्ग पुलिस द्वारा वर्षांत पूर्व समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पुलिस नियंत्रण कक्ष भिलाई में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला दुर्ग विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों के रीडर, थाना एवं चौकी में कार्यरत मुंशी, मददगार और रीडर उपस्थित रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आम जनता से अच्छा व्यवहार करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को



निर्देश दिए कि जनता की बात धैर्यपूर्वक सुनी जाए और उनकी समस्याओं का समय पर निराकरण किया जाए। समीक्षा बैठक में थानों के लंबित पत्रों के शीघ्र निराकरण, पुलिस कार्यालय से प्राप्त पत्रों का निर्धारित समय सीमा में जवाब भेजने और रजिस्टरों के सही संधारण पर विशेष चर्चा की गई। वर्ष 2026 में क्राइम रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट, समन्स-वारंट रजिस्टर, वीसीएनबी, इंडेक्स, सस्पेक्ट एवं सजायाब रजिस्टरों को निर्धारित प्रोफार्मा के अनुसार नए तरीके से संधारित करने के लिए कर्मचारियों को आवश्यक प्रशिक्षण भी दिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थानों के कामकाज को अधिक से अधिक डिजिटल करने पर जोर देते हुए कहा कि तकनीक के बेहतर उपयोग से पारदर्शिता और कार्यक्षमता दोनों में सुधार होगा। इसके साथ ही सभी थाना और चौकी प्रभारियों को अपने-अपने बीट क्षेत्रों में नियमित रात्रि निगरानी, गुंडा-बदमाशों की चेकिंग और सूचना व अवलोकन नोटबुक में अनिवार्य रूप से इंद्राज करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिषेक झा, पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के लिपिक, सभी राजपत्रित अधिकारियों के रीडर तथा जिले के सभी थाना और चौकी के मुंशी, मददगार और रीडर उपस्थित थे।

हरिभूमि

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 1042. राजू साहू पिता\पति चंद्रकांत साहू पता- डूमर तालाब रायपुर 1043. यामिनी देवांगन पिता\पति श्री जितेन्द्र देवांगन पता - न्यू चंगोरा भाटा रायपुर 1044. संस्कृति सोनकर पिता\पति संदीप सोनकर पता- सत्ती मंदिर सोनकर पारा पुरानी बस्ती रायपुर 1045. एश्वर्या देवांगन पिता\पति मनोज देवांगन पता - भीम नगर 1046. केशव देवांगन पिता\पति श्री प्रशांत देवांगन पता - रायपुर टिकरापारा 1047. श्रीमति सुषमा साहू पिता\पति स्व. श्री वी. आर. साहू पता-पोटिया कला न्यूज़ मिनाक्षी नगर दुर्ग, 1048. निशा प्रसाद पिता\पति राजपत प्रसाद पता-दुर्ग, 1049. कली राम यादव पिता\पति श्री प्रसादी राम यादव पता-बैगा पारा दुर्ग, 1050. योगेश सिंह राजपूत पिता\पति लतेल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, 1051.लक्ष्य पटेल पिता\पति श्री दुर्गेश पटेल पता-पटेल पारा उरला दुर्ग, 1052. रेवा राम यादव पिता\पति कन्हर यादव पता-कसारीडीह दुर्ग, 1053. देवेन्द्र कुमार साहू पिता\पति भिखम साहू पता-गातापार बेल्हारी दुर्ग, 1054. रामदास मानिकपुरी पिता\पति स्व. बिसम्भर दास पता-टेमरी सुरमा दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण -** 1055. प्रांजल वर्मा पिता/पति - संतोष कुमार वर्मा पता - सरगुजा 1056. सुनील मुंडा पिता/पति - राम रतन मुंडा पता- सरना पारा 1057. अनिल कुमार अग्रवाल पिता/पति- निरंजन अग्रवाल पता- जोड़ा पीपल अम्बिकापुर 1058. मेधा गोयल पिता/पति - आयुष गोयल पता - भैयाथान सूरजपुर 1059. ज्ञानेश्वरी एक्का पिता/पति- छबि लाल एक्का पता- बलरामपुर 1060. सना आफ़रीन पिता/पति- अमीन अख्तर पता- जरहागढ़ महामाया रोड 1061. मालवाती सिंह पिता/पति- जगत सिंह पता -नमनकला सटीक पार1062. पंकज राज भगत पिता/पति- इदर साय भगत पता - नायपार फूँदडीह अम्बिकापुर 1063. अलफिया फातिमा सिद्दीकी पिता/पति- मकसूद अहमद पता - बरेजपारा सदर रोड लक्ष्मी चौक 1064. बेनेदीक तिर्की पिता/पति - एलबस तिर्की पता - तुलसी चौक गंगापुर अम्बिकापुर 1065. श्रीमती सीमा केडिया पिता/पति- अजय कुमार केडिया पता - देवीगंज रोड अम्बिकापुर 1066.दीपमाला कुशवाहा पिता/पति - रोशन लाल कुशवाहा पता - केदारपुर अम्बिकापुर 1067. ऋचा दुबे पिता/पति - केनाबन्ध बौरिपारा अम्बिकापुर 1068. सिकंदर दास पिता/पति -मणिपुर चौक अम्बिकापुर 1069. स्नेह लता मेहता पिता/पति - कन्या परिसर रोड कमल भवन अम्बिकापुर 1070. नमन मिश्रा पिता/पति- राजेन्द्र कुमार मिश्रा पता - शीतल किरना स्टोर के पास गंगापुर 1071. रीता केरकेटा पिता/पति- राजेश बरवा पता - गंगापुर स्कूल पारा अम्बिकापुर 1072. वासु गुप्ता पिता/पति - महेंद्र प्रसाद गुप्ता पता - ब्रहम रोड सती पारा अम्बिकापुर 1073. आदिती पिता/पति- रिंकू पता - केंटीन दफई हरदी बाड़ी 1074. ममता मिश्रा पिता/पति - कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1075. हारून रसीद पिता/पति - मुस्ताक अहमद पता- वार्ड- 36, महामाया रोड 1076. प्रवीण कुमार मिश्रा पिता/पति -कृष्णा कुमार मिश्रा पता- मिशन चौक अम्बिकापुर 1077. शिवंशी सिन्हा पिता/ पति - शिव प्रकाश सिन्हा पता - शीतल वार्ड - 32, अम्बिकापुर 1078. आदित्य एक्का पिता/पति - मंगल एक्का पता - सूरजपुर बस स्टैन्ड 1079. पूनम फातिमा पिता / पति - शिवनाथ पता - अम्बिकापुर 1080. राजकुमार वैष्णव पिता/पति- भगत वैष्णव पता - गंगापुर अम्बिकापुर 1081. अशोक कुमार भगत पिता/पति - भुनेश्वर राम भगत पता - नमनकला राज मोहनी देवी वार्ड ,**भोपाल संस्करण** 1082. अब्दुल लतीफ खान पिता\पति - अनीस उर रहमान कसेरापुरा शाहजानाबाद भोपाल,1083.दिशा जैतवाल पिता\पति–दीपक जैतवाल बैरागढ़कला, 1084. दीपक चौकसे पिता\पति - जमना प्रसाद11लाम्बाखेड़ा, 1085. प्रेम शंकर कोरी पिता\पति - दुर्गा प्रसाद कोरीबाग मुगलिया श्रीराम नगर, 1086. तालिका पटेल पिता\पति - कमलेश पटेल मकान न. 36 नई बस्ती बाग मुगलिया, 1087. सिदरा खान पिता\पति - इजराइल खान193 नयापुरा पंचशील नगर, 1088. आकृति सेन पिता\पति - सुरेन्द्र सेन चार इमली भोपाल, 1089. आदित्य शर्मा पिता\पति - सोमेश शर्मा कृषक नगर, 1090. नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगर करोद भोपाल, **जबलपुर संस्करण-** 1091. संजय नामदेव पिता\पति - स्वर्गीय राम मिलन नामदेव निगवानी रोड कोतमा वार्ड नंबर 4, 1092. स्मृति द्विवेदी पिता\पति - श्री आलोक नारायण द्विवेदी अनूपपुर वार्ड नंबर 13, 1093. मीमांशा सनादय पिता\पति - प्रणय कुमार शर्मा वार्ड नंबर 9 जैतहरी मार्ग अनूपपुर, 1094. गौरी सोनी पिता\पति - श्री बाला प्रसाद सोनी कोतमा, 1095. आयुष साहू पिता\पति - श्री अजय साहू जबलपुर, 1096. सोनू साहू पिता\पति - समदड़िया ग्रीन सिटी विजयनगर, 1097. अमर चौधरी पिता\पति - आसाराम चौधरी मकान नंबर 93 प्रेम सागर पुलिस चौकी के पास,1098. मकसूद अहमद बरेसपारा अम्बिकापुर 1099. अर्चना चौबे शंकर घाट अम्बिकापुर 1100. अजय कुमार पासवान बनारस रोड गांधीनगर।

नियम एवं शर्तें लागू*

**शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 22 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

दसवें गुरु गोविंद सिंह साहेब से लिया आशीर्वाद





## लाइव इवेंट

## तकनीकी कौशल विकास से अवगत हुए विद्यार्थी, औद्योगिक क्षेत्र का किया भ्रमण



**भिलाई।** कंप्यूटर विज्ञान एवं गणित विभाग द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम क्षेत्र प्रौद्योगिकी केंद्र, रसमड़ा में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान बीसीए, बी.एससी. एवं एम.एससी. कंप्यूटर विज्ञान एवं गणित तथा पीजीडीसीए के विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली, तकनीकी प्रक्रियाओं तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार एवं उद्यमशीलता के अवसरों से अवगत कराया गया।

■ एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, रस्मड़ा में औद्योगिक भ्रमण

स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको की कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मीना मिश्रा ने विद्यार्थियों को तकनीकी क्षेत्र में कौशल विकास के महत्व को बताया। भ्रमण के दौरान रूपाली खर्च ने विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी प्रक्रियाओं के उपयोग एवं महत्व पर सारगर्भित उद्बोधन दिया।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने इस शैक्षणिक गतिविधि के दौरान उद्योग क्षेत्र से प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने उत्पादन विभाग, गुणवत्ता परीक्षण इकाई एवं सीएनसी सिमुलेशन प्रयोगशाला का अवलोकन किया। विद्यार्थियों को कैड–कैम, इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित प्रणालियां, सौर ऊर्जा प्रयोगशाला, आधुनिक मशीनरी एवं उद्योग-संबंधी सॉफ्टवेयर के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही विद्यार्थियों को एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े सरकारी स्टार्ट-अप एवं उद्यमशीलता प्रोत्साहन कार्यक्रमों जैसे उद्यम पंजीयन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फंड फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज की भी जानकारी दी गई। एमएससी कंप्यूटर साइंस की प्रथम सेमेस्टर की छात्रा फुल प्रीत कौर ने बताया एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र का औद्योगिक भ्रमण मेरे लिए ज्ञानवर्धक रहा। इस भ्रमण के दौरान हमें विभिन्न नवीन तकनीकों की जानकारी प्राप्त हुई तथा उनके व्यावहारिक उपयोग को प्रत्यक्ष रूप से देखने का अवसर मिला। जिससे भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूकता बढ़ी। ओजस्वी वर्मा बीएससी अंतिम वर्ष में बताया भ्रमण के दौरान हमें तकनीकी विशेषज्ञों के साथ संवाद कर औद्योगिक चुनौतियों एवं करियर संभावनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई । कार्यक्रम में एन. बबीता, सहायक प्राध्यापक कामिनी वर्मा, अनामिका राय, संतोषी चक्रवर्ती एवं सीमा पाल उपस्थित रही।



## सिटी इवेंट

## पीयूष बने राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के दुर्ग जिला अध्यक्ष



**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के पार्षद पीयूष मिश्रा को राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज का दुर्ग जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की स्वीकृति और राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी की अनुशंसा पर की गई है। उल्लेखनीय है कि 20 दिसंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के भिलाई आगमन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पीयूष मिश्रा को दुर्ग जिला अध्यक्ष पद की नियुक्ति का पत्र सौंपा गया। समाज के प्रति उनके समर्पण और सक्रिय भूमिका को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें दी गई। इस मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों और समाजजनों ने उन्हें फूलमालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया और बधाई दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अभिषेक पांडे, प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित शर्मा, प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, संभागीय महासचिव दीपक मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। सभी ने विश्वास जताया कि पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में दुर्ग जिले में राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज को नई मजबूती मिलेगी और संगठन और अधिक सक्रिय रूप से आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश सचिव राकेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के पश्चात खुर्सीपार वार्ड क्रमांक 16 स्थित परशुराम चौक में समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भगवान परशुराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर चरण पूजन किया और संगठन की एकता व सशक्तिकरण का संकल्प लिया।

● दसवें गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशपर्व पर, रविवार को शहर में गूंजी गुरुवाणी, संगत ने छंका लंगर

# खालसाई शान के साथ निकाला नगर कीर्तन, पंच प्यारों ने किया गुरुओं का बखान, गतका में दिखाया शौर्य

**भिलाई। धर्म के लिए अपना परिवार बलिदान करने वाले सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के प्रकाशपर्व के पूर्व रविवार को शहर में खालसाई शान के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। इस मौके पर बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों व महिलाओं ने कीर्तन के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह की महिमा और उनके बलिदान को बताया। इस मौके पर सिख मार्शल आर्ट गतका का भी जगह-जगह प्रदर्शन किया गया। वही इस बार पंजाब का बैगपाइपर बैंड आकर्षण का केंद्र रहा।इधर नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत हुआ। जिसमें भिलाई, दुर्ग सहित राजनांदगांव, कुम्हारी, पाटन के भी सिख समाज शामिल हुए। इस बार यह नगर कीर्तन सुपेला स्थित गुरुद्वारा शहीदां से हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जो जीई रोड से होते हुए पावर हाउस नंदिनी रोड से नगर कीर्तन ओवर ब्रिज से होकर टाउनशिप पहुंचा। जिसके बाद मुर्गा चौक से होकर सेंट्रल एवेन्यू के रास्ते सेक्टर 6 स्थित गुरुद्वारे में समाप्त हुआ। नगर कीर्तन का जगह-जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत अलग-अलग समुदायों द्वारा किया गया। इस मौके पर अलग-अलग कीर्तन जत्थे ने कीर्तन और शबद के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के जीवन का बखान किया। उनकी कुर्बानियों को भी बताया।**



### संगत ने छंका लंगर जसप्रीत ने दी बधाई

सुपेला गुरुद्वारे से पंच प्यारों की अगुवाई में निकले नगर कीर्तन का समापन सेक्टर 6 गुरुद्वारे में किया गया। जहां सभी विशाल संगत ने लंगर छंका। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ नगर कीर्तन में शामिल होकर गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका। उन्होंने संगत को प्रकाश पर्व की बधाई दी। जसप्रीत सिंह ने कहा कि गुरु साहब का जीवन हमें अन्याय के विरुद्ध लड़ने और मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देता है।

### सेवा करने लगी कतार

नगर कीर्तन पर लंगर से लेकर चाय, दूध, शर्बत, पानी सहित कई अन्य चीजों को बांटने जगह-जगह स्टॉल लगे रहे। संगत की सेवा करने लोग परिवार के साथ जुटे रहे। वही कई स्थानों पर दूसरे समाज के लोगों ने भी संगत की सेवा में हाथ बंटाया। सेक्टर1 स्थित बीएसएनएल चौक, सेक्टर 4 चौक,सेक्टर 5 चौक, में भी सिख समाज के सेवा स्टॉल लगाए गए।



### सेवादारों में तीन साल के बच्चे भी रहे शामिल

सिख समाज का सबसे बड़ा सेवा कार्य स्वच्छता का भी ध्यान रखते हुए सेवादारों ने नगर कीर्तन में नजर आये। जहां नगर कीर्तन की सबसे पीछे स्वच्छता की टीम लगी रही, जो नगर कीर्तन के सबसे पीछे चल रही थी। रास्ते में दो से तीन साल के बच्चे भी शामिल थे जो सफाई करते हैं नजर आये। गुरु नानक नगर गुरुद्वारा की इस टीम में 50 लोगों ने सफाई की जिम्मेदारी संभाल रखी थी। टीम के सदस्यों का कहना है कि स्वच्छता से बढ़कर कोई सेवा नही होती। खासकर बच्चो को सेवा का मतलब समझाने के लिए हम बड़े लोग लगातार लगे हुए है।

## जयंती स्टेडियम में हनुमंत कथा की तैयारियां जोर-शोर से, कलेक्टर व एसएसपी ने किया निरीक्षण

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम के समीप मैदान में श्री हनुमंत कथा का आयोजन होना है। कथावाचक बागेश्वर धाम पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री होंगे। आयोजन में नागरिक सुरक्षा को लेकर शनिवार को कलेक्टर और एसएसपी ने स्थल का निरीक्षण किए।

■ नागरिकों की सुरक्षा को लेकर कलेक्टर और एसएसपी ने किया स्थल निरीक्षण, दिए दिशा निर्देश



हनुमंत कथा आयोजन और तैयारीयों का जायजा लेने दुर्ग के कलेक्टर अभिजीत सिंह व एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल कथा स्थल जयंती स्टेडियम के समीप मैदान में चल रहे डोमशेड के निर्माण, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा और आवागमन रूट को लेकर कथा के आयोजनकर्ता कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त छत्तीसगढ़ खादी ग्राम उद्योग के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय और समिति के सदस्यों के साथ स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय भी उपस्थित थीं। उल्लेखनीय है कि हनुमत कथा की तैयारी को लेकर सेवा समर्पण समिति से सदस्यगण श्री हनुमंत कथा के आयोजन कर्ता राकेश पाण्डेय के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर लगातार कार्यरत है। आयोजनकर्ता राकेश पाण्डेय ने कहा कि कथा के भव्यता को लेकर सारे प्रयास पूर्व से किया जा रहे हैं। समिति के सदस्य गण गण अपने-अपने दायित्व के आधार पर कार्य कर रहे हैं । साथ ही बैठकों का दौर भी लगातार जारी है।

## शॉटपुट और डिस्कस थ्रो, फ्लैट व रिले रेस में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा



**भिलाई।** द इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के भिलाई चैप्टर द्वारा रविवार को स्पोर्ट्स डे का आयोजन बीएसपी दिव्यांग क्रिकेट ग्राउंड, सिविक सेंटर में किया गया। कार्यक्रम द्वारा सदस्यों एवं विद्यार्थियों में खेल भावना, स्वास्थ्य जागरूकता और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। इस कार्यक्रम में बीएसपी कार्यकारी निदेशक प्रवीण निगम, भिलाई चैप्टर अध्यक्ष सीएमए प्रकाश कोलकोन्डि, सचिव दिव्येंदु सरखेल, अविलाष पंसारी, राहुल चौधरी, एल. एन. साहू सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत 3 किमी मैराथन दौड़ से हुई। जिसके बाद जैवलिन थ्रो, शॉटपुट थ्रो, डिस्कस थ्रो, 100 मीटर फ्लैट रेस, 200 मीटर रिले रेस सहित कई अन्य प्रतियोगिताएं की गई। जिसमें पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अनुशासित और उत्साहपूर्ण माहौल में प्रतिभागियों ने खेल गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया।

शारदा विद्यालय रिसाली में वार्षिक स्नेह सम्मेलन उमंग 2025 का आयोजन

कार्नर न्यूज

# अच्छी शिक्षा के साथ शारदा विद्यालय में कला और संस्कृति का ज्ञान दिया जाना सराहनीय : आईजी रामगोपाल गर्ग

**भिलाई। शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर भिलाई में उमंग 2025 के तहत बीसवें वार्षिकोत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया। इस कड़ी में प्री-प्राइमरी से हायर विंग तक के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रोचक एवं मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं उत्कृष्ट विद्यार्थियों को नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। समारोह का आरंभ राजकीय गीत एवं राष्ट्रगान से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राम गोपाल गर्ग महानिरीक्षक दुर्ग पुलिस तथा विशेष अतिथि तरल गर्ग सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। अध्यक्षता विपिन कुमार, प्रिंसिपल, शकुन्लता विद्यालय रामनगर ने की।मुख्य अतिथि रामगोपाल गर्ग ने कहा कि अच्छी शिक्षा के साथ शारदा विद्यालय में कला एवं संस्कृति का ज्ञान दिया जाना सराहनीय हैं।**





### प्रस्तुति ने सबका मनमोह



विशेष अतिथि तरल गर्ग ने कहा कि आज हम सब को विद्यार्थियों को इस प्रकार प्रशिक्षित करना चाहिए जिससे भविष्य में विद्यार्थी गुणवान तथा आत्म निर्भर बन सके। इस अवसर पर संजय ओझा डायरेक्टर शकुन्तकला ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने अपने उद्बोधन में विद्यालय की आगामी योजनाओं का विस्तृत स्वरूप पालकों को बताया तथा विद्यालय एवं विद्यार्थियों की प्रगति से जुड़े अन्तरिम तथ्यों से भी सबको परिचित कराया। वार्षिक प्रतिवेदन विद्यालय प्रिंसिपल रूद्र कांत झा तथा हेडबॉय अनुराज पिल्लई, हेडगर्ल सिद्धि ने प्रस्तुत किया। खेल सम्बधी उपलब्धियों का ब्यौरा स्पोट्स कैप्टन प्रगति ओझा ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन हेडबॉय तथा हेडगर्ल द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गणेश वन्दना, बजरंगी बीट तथा नन्हें मुन्नो की थिरकन व प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों को नकद व मोमेंटो देकर किया सम्मानित

पुरस्कारों की श्रृंखला में सत्र 2024 - 25 में बारहवीं कक्षा से योगिता को 51000 रुपए, दसवीं कक्षा से शौर्य कुमार साहू और अंकित देवांगन को 25000 रुपए तथा इसी कड़ी में क्रमशः दसवीं कक्षा से समृद्धि शर्मा, अश्मिकी द्विवेदी को 15000 रुपए, बारहवीं कक्षा से रिया कुर्रे के साथ दसवीं कक्षा से समीर पटेल, अनीश कुमार देवांगन, श्रेया महापात्रा, भव्य देवांगन, तेजस साहू को नगद 11000 रुपए की राशि से सम्मानित किया गया। बारहवीं कक्षा से योगिता को भूगोल में शत-प्रतिशत अंक अर्जित करने के लिए 2000 रुपए की राशि तथा दसवीं कक्षा से शौर्य कुमार साहू को विज्ञान में, अंकित देवांगन को ए.आई. में तथा समृद्धि शर्मा को मार्केटिंग में सम्पूर्ण अंक लाने पर 1000 रुपए की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। विगत सत्र में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम तथा द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि से सम्मानित किया गया। बारहवीं कक्षा से रिशिता गुलहाने, आदित्य चैधरी, महावीर राठी, रितेश देवांगन, विधि विश्वकर्मा, पीयूष वर्मा, आयशा इकबाल अन्सारी, तहजीब रजविया को 88 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर 5000 रुपए की राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की गई।

**सिटी लाइव**

## देशभक्ति, ज्ञान और संस्कारों के रंग में सराबोर रहा स्थापना दिवस



**भिलाई।** दुर्ग में केंद्रीय विद्यालय संगठन का 63वां स्थापना दिवस सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर देशभक्ति, ज्ञान और संस्कारों के रंग में सराबोर रहा। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा वर्तमान में पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग की लेक्चारर अंकिता साहू उपस्थित रहीं।



उन्होंने अपने छात्र जीवन की स्मृतियां साझा करते हुए विद्यालय के अनुशासन, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों को जीवन की वह नींव बताया। संगीत शिक्षिका डॉ. श्रावणी सिंह के निर्देशन में प्रस्तुत स्वागत और छात्रा सान्वी ओझा एवं समूह द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रामाशीष चौहान ने शिक्षक भाषण प्रस्तुत किया। प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर आधारित लघु नाटिका का प्रभावशाली मंचन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिकाएं नीति दास, शीला चाको, राहत तसनीम और भूतपूर्व छात्राएं और केंद्रीय विद्यालय संगठन से की उषा शर्मा, बिंदु शिवराजन, एस.वी.एस. गायत्री और श्रेया साहू को सम्मानित किया गया। विद्यालय कप्तान अनमोल द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय विद्यालय संगठन की स्थापना वर्ष 1963 में की गई थी। वर्तमान में देशभर में 1289 केंद्रीय विद्यालय संचालित हैं, साथ ही मॉस्को, तेहरान एवं काठमांडू में भी केंद्रीय विद्यालय कार्यरत हैं। केंद्रीय विद्यालय संगठन आज देश की श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय शिक्षा संस्थाओं में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। कप्तान अनमोल के नेतृत्व में शपथ वाचन किया गया। यह शपथ 2400 बच्चों के साथ-साथ 100 शिक्षकों ने साथ-साथ ली। शपथ में देश और देशवासियों के विकास एवं उत्थान के लिए समर्पण से कार्य करने को दोहराया गया।

**ब्रह्माकुमारीज आनंद सरोवर में वाह जिंदगी वाह का पांच दिवसीय शिविर का हुआ शुभारंभ**

# स्ट्रेस को दूर करने का एंटीडोज है चेहरे पर हर समय मुस्कान, ज्यादा पैसा, संबंध और अपेक्षाएं न पाले

भिलाई। तनाव को कम करने के लिए मुस्कुराना सबसे बड़ी रामबाण दवा है। स्ट्रेस की सबसे बड़ी एंटीडोज है व्यक्ति के चेहरे पर हर समय मुस्कान। ईश्वर ने सभी प्राणियों में, पशु - पक्षियों में मुस्कुराने की कला केवल मनुष्य को दिया है इसलिए हमें हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए। तनाव से दूर रहने के संदर्भ में यह बातें प्रोफेसर ई.वी. गिरीश ने कहा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय आनंद सरोवर बघेरा दुर्ग में पांच दिवसीय वाह जिंदगी वाह शिविर की शुरुआत रविवार को हुई। इस अवसर पर धारणी, वेणुलता, गुनगुन और जागृति द्वारा मनमोहक स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता प्रोफेसर ई.वी. गिरीश ने मुस्कुराने के लिए लोगों को एक एक्सरसाइज भी कराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है जो मुस्कुरा कर खुद भी खुश रह सकता है और औरों को भी खुशी दे सकता है। एक वैज्ञानिक तथ्य है कि 1 साल का बच्चा 24 घंटे में लगभग 300 बार मुस्कुराता है। हम जैसे-जैसे बड़े होते जाते हैं हमारी मुस्कुराहट कम होती जाती है।



### पैसा, संबंध और अपेक्षाओं से रहें दूर

प्रो गिरीश ने बताया कि तनाव का लेन-देन हमेशा मानसिक, शारीरिक, व्यवहारिक, पारिवारिक समस्या को क्रिएट ही करता है। दुनिया भर के वैज्ञानिकों ने तनाव के कारणों को जानने का प्रयास किया और उन्होंने आठ ब्राड क्लासिफिकेशन बनाएं, जिसके कारण से लोगों को तनाव होता है। उनमें से पहले कारण है फाइनेंस या पैसों से लेकर कारण तनाव। हम जल्दी ही धनवान बनना चाहते हैं हर काम में जल्दी चाहते हैं हम अपने बच्चों को सुबह से शाम तक हर काम जल्दी करने के लिए कहते हैं। तो आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि हमारे अंदर का पैशन या सब्र क्यों खत्म होते जा रहे हैं। टेंशन को लेकर दूसरा वैश्विक लेवल पर मुख्य कारण है संबंधों को लेकर है। संबंधों में हमारी अपेक्षाएं बढ़ती जा रही हैं। तनाव का एक कारण दूसरों से अपेक्षा रखना है। जितने ही दूसरों के प्रति हमारी अपेक्षाएं एक्सपेक्टेशन कम होगा उतना ही हम तनाव रहित रह पाएंगे। हम परिवार में लोगों को बिना शर्त प्यार दे, अपनापन दे, गलतियों को क्षमा करें तो पारिवारिक संबंध अच्छा होता जाएगा और जीवन तनाव रहित बनेगा।



### जितना पड़ा पद उतनी बड़ी चुनौतियां

शिविर में उपस्थित दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी अपने जीवन में, अपने कार्य क्षेत्र में अनेक प्रकार के तनाव का सामना करते हैं। हम सब जानते हैं कि बड़े पदों पर रहने वाले या बड़ी जिम्मेंदारी निभाने वाले के सामने अनेक प्रकार की चुनौतियां आती है और उनका सामना करने पर मन में तनाव भी होता है। चाहे वो डॉक्टर, इंजीनियर या लॉयर हो, हर किसी के जीवन मे अनेक प्रकार के दबाव आते हैं। अनेक प्रकार की एथिकल चुनौतियां आती है। कई बार परिवार की परिस्थितियों, कार्यभार की अधिकता भी मन में तनाव पैदा करते हैं। हम अपने परिवार के लिए, छोटी-छोटी आनंद के लिए समय नहीं निकाल पाते और सारा जीवन बीत जाता है बाद में महसूस होता है कि हमने स्वास्थ्य के साथ, अपने जीवन के आनंद के पलों के साथ समझौता किया। उन पलों में हम तनाव रहित, आनंद के साथ जीवन जी सकते थे। इस शिविर का सभी को लाभ लेना चाहिए।

### पांचों दिन अलग-अलग विषयों पर व्याख्यान

ब्रह्माकुमारीज दुर्ग की मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी रीटा बहन ने शिविर के लक्ष्य के बारे में बताया और 5 दिनों तक चलने वाली शिविर के विषयों के बारे में बताते हुए कहा कि पहले दिन तनाव मुक्त जीवन, दूसरे दिन स्वास्थ्य आपकी मुट्ठी में, तीसरे दिन संबंधों में मधुरता, चौथे दिन परम सत्ता का ज्ञान और पांचवें दिन राजयोग मेडिटेशन। इन विषयों पर ब्रह्माकुमार प्रोफेसर ई वी गिरीश द्वारा व्याख्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता प्रो बीके ई. वी. गिरीश, अभिजीत सिंह कलेक्टर दुर्ग, अशोक राठी दुर्ग, संतोष रुंगटा चेयरमैन रुंगटा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और बीके रीटा द्वारा वाह जिंदगी वाह शिविर का दीप प्रज्वलन कर विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी रूपाली द्वारा किया गया। तनाव मुक्त शिविर में एसडीआरएफ दुर्ग के सैकड़ो जवान, सहित काफी संख्या में वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

**सिटी इवेंट**

## दुर्ग आर्य समाज ने दी आचार्य शिव शंकर को श्रद्धांजलि



**भिलाई।** आर्य समाज के वैदिक विद्वान, संस्कृत-वेद परंपरा के अग्रदूत और यजुर्वेद के कंठस्थ ज्ञाता स्व. आचार्य शिव शंकर शास्त्री को श्रद्धांजलि देने सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव सहित सभी स्थानों से समाजसेवी, विद्वान और आर्य प्रतिनिधि महर्षि दयानंद आश्रम में एकत्र हुए।



श्रद्धांजलि सभा के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा यह घोषणा की गई कि प्रत्येक वर्ष 'शिव शंकर स्मृति व्याख्यानमाला' का आयोजन किया जाएगा। जिससे उनके वैदिक चिंतन और सिद्धांत पीढ़ियों तक संरक्षित रह सकें। सभा में वक्ताओं ने कहा कि आचार्य शास्त्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में जीवन भर वैदिक ज्ञान के अध्ययन तथा प्रसार को समर्पित किया। वे संस्कृत उच्चारण के विशेषज्ञ, यजुर्वेद के श्रेष्ठ अध्येता और गुरु-परंपरा के दृढ़ अनुयायी थे। उपस्थित जनों ने उन्हें मृदुभाषी, निस्वार्थ सेवाभावी तथा तपस्वी व्यक्तित्व का धनी बताया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में रायपुर, दुर्ग, भिलाई, पदमपुर उड़ीसा, महासमुंद सहित विभिन्न आर्य समाजों एवं संगठनों से प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। दुर्ग के शिक्षक डॉ अजय आर्य ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा मैंने शास्त्री को केवल विद्वान ही नहीं, शांति की मूर्ति के रूप में अनुभव किया। उनका व्यक्तित्व ऐसे गुरु का उदाहरण था जो वेद को जीकर दिखाता है और अनुभव द्वारा प्रेरित करता है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री शास्त्री अवनि भूषण पुरंग ने कहा आचार्य शिव शंकर शास्त्री ने आर्य समाज की ऋषि परंपरा को संरक्षित रखा। उनका जीवन तप, अनुशासन और वैदिक निष्ठा का जीवंत प्रमाण था। उनके पदचिह्नों पर चलना हमारा दायित्व है। कार्यक्रम में अलका उप्पल, अर्चना खंडेलवाल, दयालदास आहूजा, विक्रम सोनी, रोहित नरूला, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, विद्याकांत त्रिवेदी, काशीनाथ चतुर्वेदी, विनोद सिंह, बृजकुमार साहू, कौस्तुभ साहू, टकेश्वर साहू, सुभाष शास्त्री, रघु पंडा, रवि आर्य, रामनिवास गुप्त, अवनि भूषण पुरंग, डॉ अजय आर्य, डॉ सोमदेव सुधांशु सहित अनेक आर्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**आध्यात्मिक प्रवचन का समापन**

## मानव जीवन का उद्देश्य और ईश्वर प्राप्ति का मार्ग केवल सच्ची भक्ति

**भिलाई।** जगद्गुरु कृपालुजी महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा राधा कृष्ण मंदिर ब्रज मंडल सेक्टर 6, कालीबाड़ी के पास भिलाई में चल रही 11 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला का समापन हुआ। धामेश्वरी देवी ने ग्यारहवें दिन बताया कि वेद शास्त्रों के अनुसार इस सृष्टि में मानव जीवन सर्वोत्तम और दुर्लभ है। 84 लाख योनियों में भ्रमण के पश्चात प्राप्त यह मानव देह ईश्वर-प्राप्ति का एकमात्र साधन है।



प्रत्येक जीव का परम लक्ष्य आनंद की प्राप्ति है, और वह आनंद केवल ईश्वर को जानने एवं उनकी भक्ति से ही संभव है। सांसारिक सुख क्षणिक और नश्वर हैं, जबकि ईश्वर का सुख शाश्वत है।

मनुष्य स्वभावत ईश्वर का अंश होते हुए भी अज्ञानवश संसार में आसक्त होकर दुख भोगता है। वेद बताते हैं कि प्रत्येक जीव आस्तिक भी है और नास्तिक भी। आस्तिक इसलिए कि वह निरंतर आनंद की खोज करता है, और नास्तिक इसलिए कि व्यवहार में वह इंद्रिय-भोग को ही प्राथमिकता देता है। वास्तविक समस्या बाह्य संसार नहीं, बल्कि मन के भीतर का संसार है, जो काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार से ग्रसित रहता है।

ईश्वर को बुद्धि मात्र से नहीं जाना जा सकता। ब्रह्मा, विष्णु और महेश जैसे महान तत्व भी उन्हें पूर्णत नहीं जान सकते। ईश्वर-प्राप्ति केवल भगवद् कृपा से संभव है, और वह कृपा मन-बुद्धि की पूर्ण शरणागति से प्राप्त होती है। इसके लिए एक वास्तविक गुरु महापुरुष का मार्गदर्शन अनिवार्य है, जो स्वयं ईश्वर-तत्व का अनुभवी हो।

वेद तीन मार्ग बताते हैं कर्म, ज्ञान और भक्ति। कर्मकांड केवल स्वर्ग तक सीमित फल देता है, ज्ञान मार्ग कलियुग में अत्यंत कठिन है, जबकि भक्ति मार्ग सरल, सर्वसुलभ और श्रेष्ठ है। भक्ति का सार है कि मन को संसार से हटाकर निरंतर ईश्वर में लगाना। जब मन पूर्ण रूप से ईश्वर की शरण में आ जाता है, तभी मानव जीवन सार्थक होता है और जीव को वास्तविक आनंद की प्राप्ति होती है।दिव्य आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के अंतिम दिन, विश्व ध्यान दिवस पर धामेश्वरी देवी के सानिध्य में एक दिवसीय साधना शिविर के आयोजन में साधको ने रुपध्यान अभ्यास कर साधना का लाभ लिया। प्रवचन के बाद गुरुदेव चरण पादुका पूजन और महाआरती की गई।

**ग्रामीण विधायक ललित रहे मौजूद**

## मार्शल आर्ट में सैकड़ों खिलाड़ियों ने जीता पदक, उत्कृष्ट हुए सम्मानित



**भिलाई।** रिसाली प्रगति नगर स्थित परमेश्वरी भवन में अभिषेक मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी द्वारा विजेता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मार्शल आर्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, जो हमें स्वस्थ, सक्रिय और अनुशासित बनाता है। उन्होंने कहा कि अभिषेक मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स एकेडमी के खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक पदक जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने एकेडमी के कोच अभिषेक टंडन को भी बधाई देते हुए कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से खिलाड़ियों ने यह मुकाम हासिल किया है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों द्वारा आत्मरक्षात्मक तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गया। इस प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया और खिलाड़ियों की प्रतिभा व अनुशासन को दर्शाया। विधायक ललित चंद्राकर ने इसे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का बेहतरीन उदाहरण बताया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, इंचार्ज डायरेक्टर एवं स्पोर्ट्स सीएसवीटीयू किशोर भारद्वाज, घनश्याम कुमार देवांगन, राम सिंह सहित एकेडमी के खिलाड़ी और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## समाज में सकारात्मक बदलाव लाने डॉ. सोनाली को मिला सोशल एंटरप्रेन्योर ऑफ़ द ईयर सम्मान

**भिलाई।** आईआईटी भिलाई में आयोजित सस्टेनेबल इंडिया के दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में देश विदेश से आए विद्वानों व वक्ताओं के साथ छग के शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने उल्लेखनीय सामाजिक प्रभाव के लिए डॉ.सोनाली चक्रवर्ती को ग्लोबल प्रोग्रेस अवार्ड से सम्मानित किया गया।डॉ.सोनाली 25 वर्षों से छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास, स्वच्छता, पर्यावरण, नशा मुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है साथ ही समाज को एक सकारात्मक बदलाव देने के लिए प्रयासरत है। सस्टेनेबल इंडिया और द प्रोग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में अरविंदो योगा एंड नॉलेज फाऊंडेशन के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य आधुनिक टेक्नोलॉजी और रिसर्च को मानवीय चेतना से जोड़ते हुए सस्टेनेबल डेवलपमेंट के नए आयाम स्थापित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लेने यंग मैनेजिंग डायरेक्टर सीपीजी सिग्नेचर, सिंगापुर गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन में डायरेक्ट एन आई टी रायपुर प्रोफेसर व रामना राव, डायरेक्टर बीएसबीके ग्रुप मनीष गुप्ता, ने अपने विचार साझा किये।



**भारतीय ज्ञान प्रणाली पर आधारित दो दिवसीय प्रदर्शनी का हुआ समापन**

# भारतीय ज्ञान प्रणाली पर चलित और स्थिर मॉडल प्रदर्शनी में दिखाया नवाचार, विद्यार्थियों को मिला सीखने का अवसर

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** भारतीय ज्ञान परंपरा असाधारण रूप से समृद्ध और अनोखी है इसमें जीवन और विज्ञान सामान्य और अलौकिक कर्म और धर्म साथ ही भोग और त्याग के बीच एक उल्लेखनीय संतुलन मौजूद है। इसी कड़ी में श्री शंकराचार्य महाविद्यालय में नवाचार का परिचय देते हुए भारतीय ज्ञान प्रणाली पर प्रदर्शनी का आयोजन किया है। कार्यक्रम में डॉ राजीव प्रकाश डायरेक्टर आईआईटी भिलाई, श्री गंगाजली शिक्षण समिति के चेयरमेन आईपी मिश्रा, अध्यक्ष डॉ जया अभिषेक मिश्रा, डॉ ओंकार लाल श्रीवास्तव विभाग अध्यक्ष गणित विभाग शासकीय कमला देवी महाविद्यालय राजनांदगांव, गणित विभाग के डीन राजनांदगांव बायोडायवर्सिटी के अध्यक्ष डॉ पीबी देशमुख, डॉ अजय वर्मा एसएसआईटी हेड मैकेनिकल डिपार्टमेंट एवं रिसर्च हेड उपस्थित रहे।



### छात्रों की बौद्धिक प्रखरता निखारने का बेहतर मंच

श्री गंगाजली शिक्षण समिति के चेयरमेम आईपी मिश्रा ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज हम टेक्निकल युग में जी रहे हैं और उसका कांबिनेशन शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक है। जया अभिषेक मिश्रा ने प्रदर्शनी को छात्रों की बौद्धिक प्रखरता निखारने का बेहतर मंच बताया। आयोजन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि डॉ एम एस गुप्ता संयुक्त संचालक रुसा, डॉ प्रशांत श्रीवास्तव विभाग अध्यक्ष जियोलॉजी, डॉ सुचित्रा शर्मा वरिष्ठ प्राध्यापक शास. वी.वाय.टी. पीजी कॉलेज दुर्ग, श्रीलेखा वेरूलकर डायरेक्टर एम.जे. कॉलेज, डॉ. अल्का मेश्राम प्राचार्य और शिखा श्रीवास्तव आई क्यू ए सी कोआडिनेटर शास. महाविद्यालय वैशाली नगर द्वारा प्रदर्शनी देखकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुषमा दुबे ने किया।



### प्रदर्शनी के मॉडल का बारीकी से किया अवलोकन

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने अपने उद्बोधन में कहा की आईपीएस पर सेमिनार में पहली बार छात्रों द्वारा चलित एवं स्थिर मॉडल बनाया गया है जो वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित है। प्रो. राजीव प्रकाश ने प्रदर्शनी देखकर कहा कि यह एक अच्छी पहल है भारतीय ज्ञान परंपरा की शुरुआत का यह प्रयास सराहनीय है इससे सीखने का अवसर मिलता है। उन्होंने छात्रों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी के मॉडल का बहुत ही बारीकी से अवलोकन किया तथा छात्रों से उसका उद्देश्य पूछा और अपनी तरफ से कई सुझाव भी छात्रों को दिए। मॉडल गणित, विज्ञान भौतिक, रसायन, भूगोल, इतिहास धार्मिक एवं राजनीतिक स्थल भारतीय खानपान रंग रूप वेशभूषा जैसे विभिन्न विषयों को लेकर बनाया गया था। डॉ ओंकार लाल श्रीवास्तव ने कि वह छत्तीसगढ़ में 225 प्रकार के जड़ी बूटियां का संरक्षण कर चुके हैं और आगे भी इस क्षेत्र में कार्य करते रहेंगे।

हेल्थ टिप्स

## विजय हजारे ट्रॉफी में अमन होंगे कप्तान, मैच जयपुर में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2025 हेतु खिलाड़ियों का चयन कर सूची जारी कर दी गई है। यह टीम 24 दिसंबर से बीसीसीआई द्वारा आयोजित विजय हजारे वनडे ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेंगी। कप्तान बीएसपी के अमनदीप खरे बनाए गए हैं। अन्य खिलाड़ियों में राजनादगांव से अजय मंडल, हर्ष साहू विकेटकीपर, विकल्प तिवारी, रायपुर से अनुज तिवारी, आयुष पांडे, प्रतीक यादव, सरगुजा से आशुतोष सिंह, कांकेर से हर्ष यादव, भिलाई से मयंक वर्मा विकेट कीपर, बिलासपुर से मयंक यादव, मोहित रावत, बीसीए से संजीत देसाई, रायगढ़ से शुभम अग्रवाल, बस्तर से सौरभ मजूमदार, प्रोफेशनल के तौर पर एम रवि किरण और आदित्य सरवटे शामिल है। छत्तीसगढ़ की टीम के मैच 24 दिसंबर से होंगे। जिसमें पहले दिन गोवा के विरुद्ध जयपुरिया विद्यालय मैदान जयपुर, 26 दिसंबर को पंजाब के विरुद्ध सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर, 29 दिसंबर को मुंबई के विरुद्ध जयपुरिया विद्यालय ग्राउंड जयपुर, 31 दिसंबर को सिक्किम के विरुद्ध सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर, हिमाचल प्रदेश के विरुद्ध 3 जनवरी को अनंत्तम मैदान जयपुर, 6 जनवरी को महाराष्ट्र के विरुद्ध अनंतम मैदान जयपुर और 8 जनवरी को उत्तराखंड के विरुद्ध जयपुर में मुकाबला होगा।

## रायपुर व दुर्ग की टीम पहुंची फाइनल में, पारी एलिट ग्रुप की



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मैच के तीसरे एवं अंतिम दिन शानदार खेल से दर्शक रूबरू हुए। दल्ली राजहरा में टीम रायपुर ब्लू विरुद्ध दंतेवाड़ा में रायपुर ब्लू ने एक पारी एवं 17 रन से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में दंतेवाड़ा टीम दूसरी पारी 229 रन पर आउट हो गई। हंसराज ने 79 रन, अंशप्रीत सिंह ने 53 रन एवं शेख शाहिद ने 45 रन बनाए। गेंदबाजी में रायपुर ब्लू के वेदांत जैन ने 6 विकेट, सागर निषाद ने तीन विकेट एवं तेजस्वी कलभोर ने एक विकेट लिए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम दुर्ग विरुद्ध कोरबा में परिणाम मैच ड्रॉ रहा। दुर्ग को पहली पारी में बढ़त मिली। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी कल के अपने स्कोर बिना कोई विकेट खोए 35 रन से आगे खेलते हुए 6 विकेट पर 311 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। रुद्र शुक्ला ने 85 रन बनाएं। कप्तान आदित्य वर्मा ने 78 रन, समर्थ मूलवानी ने 74 रन, आनंद त्रिपाठी ने 37 रन और युगदेश लहराने ने 27 रन बनाए। गेंदबाजी में कोरबा के अनुज शर्मा दो विकेट, अमर्त्य पटेल, अंश जायसवाल लवकेश यादव एवं कृष अग्रवाल ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में कोरबा ने दूसरी पारी बिना कोई विकेट खोए 18 रन बनाए। इस प्रकार फाइनल में प्रवेश करने वाली रायपुर ब्लू एवं दुर्ग की टीम सीएससीएस द्वारा आयोजित की जाने वाली एलिट ग्रुप की अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होंगी।

## बॉडी बिल्डिंग और पावर लिफ्टिंग एवं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप राजधानी में 3 से



**रायपुर।** बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन एवं छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जवाहर लाल सोनी की स्मृति में बॉडी बिल्डिंग और स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को बुद्धेश्वर मंदिर भवन बूढ़ा तालाब रायपुर में किया जा रहा है। बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार एवं छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शीतलेश पटेल ने बताया कि 3 जनवरी को पावर लिफ्टिंग दिन में एवं रात में मिस्टर रायपुर बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता होगी। 4 जनवरी को छत्तीसगढ़ स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और द्वितीय मिस्टर छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग की प्रतियोगिता होगी। छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गेश साहू ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 2 लाख से अधिक इनामी राशि दी जाएगी। वूमेन मिस छत्तीसगढ़ के प्रथम विजेता को 15000, द्वितीय को 10000 और तृतीय को 5000 नगद इनाम दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब तक का सबसे बड़ी इनामी राशि है पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप एवं स्ट्रेंथ लिफ्टिंग चैंपियनशिप की प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी 12 से 15 फरवरी को कोलकाता में आयोजित नेशनल चैंपियशिप में भाग लेंगी। सभी खिलाड़ियो को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य है।

### अप्रभावी होते एंटीबायोटिक से जन स्वास्थ्य पर अदृश्य संकट बढ़ रहा

# एंटीबायोटिक का तेजी से बेअसर होना चिंताजनक इन्हें इस्तेमाल करने से पहले जान लें सब कुछ

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते हैं जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते है जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है। यह बेहद खतरनाक चिकित्सीय स्थिति हो सकती है क्योंकि इससे बीमार लोगों के लिए उपचार के विकल्प घट जाते हैं, जिससे प्रभावी उपचार में भी देरी हो सकती है। परिणामस्वरूप, गंभीर, लम्बी बीमारी और मृत्यु का जोखिम, और इलाज में देरी जैसी स्थितिया आम होती जाएगी।



### जीवित रहने परिवेश के हिसाब से ढलना जरूरी

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एक प्रकार का रोगाणुरोधी प्रतिरोध है, जो सूक्ष्मजीवी द्वारा किसी भी दवा के लगातार उस पर नियंत्रण के लिए उपयोग के कारण उसके बचाव में विकसित कर लेती है। बैक्टीरिया के साथ साथ, वायरस और अन्य कई परजीवी भी किसी भी दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। इसमें गूढ़ बात है कि हमारा शरीर एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस विकसित नहीं करता बल्कि शरीर को बीमार करने वाला सूक्ष्मजीवी ही दवा को अप्रभावी बना देता है। नतीजतन किसी खास रोगकारक जीवाणु के खिलाफ एंटीबायोटिक्स कम प्रभावी हो जाता है।

### सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस धीरे धीरे एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या का रूप ले रही है। इसका मतलब है कि इसके प्रभाव में ना सिर्फ कोई एक मरीज होता है बल्कि यह सामूहिक रूप से जीवाणु संक्रमण के प्रभावी ढंग से इलाज को कमजोर कर सभी को प्रभावित कर रह है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जब जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए बार बार एंटीबायोटिक्स का उपयोग करते हैं, तो वे जीवाणु धीरे धीरे अपने आप को एंटीबायोटिक्स के जीवाणु पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचाव के तरीके विकसित करने लगते है यानी चमका देने लगते है। इसका मतलब यह नहीं है कि आपका शरीर एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो रहा है। इसका मतलब है कि बैक्टीरिया (जो किसी समय आपके शरीर को प्रभावित कर सकते हैं) पर अब एंटीबायोटिक दवाओं से उतना आसानी से प्रभाव नहीं पड़ता, जितना पहले होता था। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस सभी बैक्टीरिया में सामान रूप से विकसित नहीं होता है पर कुछ खास बैक्टीरिया समूह विश्व स्तर पर एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों से होने वाली सबसे अधिक मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। इस सूची में ई.कोलाई के अलावा स्टैफिलोकोकस ऑरियस, स्ट्रेप्टोकोकस न्यूमोनिया, क्लेबसिएला न्यूमोनिया, एसिनेटोबैक्टर बाउमानी और स्यूडोमोनस एरुगिनोसा प्रमुख जो अब सुपरवग बन चुके है! ये मुख्य रूप से सांस, त्वचा और खान पान के संक्रमण के साथ साथ न्यूमोनिया, पेशाब के रास्ते का संक्रमण हॉस्पिटल से होने वाले संक्रमण के लिए जिम्मेदार है!

### एंटीबायोटिक का अंधाधुंध इस्तेमाल खतरनाक

एक शोध के अनुसार 1990 से 2024 के दरम्यान एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से सालाना एक मिलियन से अधिक लोगों की मौत हो रही है और अगर एंटीबायोटिक का इसी तरह बे-रोक-टोक इस्तेमाल जारी रहा तो दवाएं बेअसर होती जाएंगी और साल 2050 तक इससे होने वाली मौत का दायरा बढ़ कर कैंसर के कारण होने वाली मौत से भी ज्यादा हो जायेगी। मेडिकल जर्नल द लेंसेट' में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक, एंटीबायोटिक और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के कारण अगले 25 सालों में 3 करोड़ 90 लाख लोगों की मौत हो सकती है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस चीन में सबसे अधिक प्रभावी है, उसके बाद कुवैत व अमेरिका का स्थान है।





## केजरीवाल्स तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेटे में मुकाबले जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति की ओर से केजरीवाल्स तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य मास्टर्स रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2025 सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में आयोजित की गई। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण के विधायक एवं रायपुर लोकसभा के पूर्व सांसद सुनील सोनी थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने की। विशेष अतिथि प्रतियोगिता के मुख्य प्रायोजक एवं मास्टर्स राष्ट्रीय खिलाड़ी विनय केजरीवाल एवं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी थे। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े, छत्तीसगढ़ वेटरन्स टेबल टेनिस समिति के सचिव प्रेमराज जाचक एवं मुख्य निर्णायक प्रदीप जोशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी शकील साजिद ने किया।

प्रतियोगिता में सभी वर्गों के सुपर लीग के मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें अभी तक खेले गए मैचों के अंतिम में पुरुष एकल (आयु वर्ग 40) में रजनीश ओबेराय (दुर्ग), नामित कोठारी (रायपुर), शैलेश डागा (रायपुर), पार्थो देवघरिया (कोरबा), निशांत क़ानूगा (रायपुर), चिरंजीत राय (रायपुर महानगर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें रजनीश ओबेराय (दुर्ग), शैलेश डागा (रायपुर), निशांत क़ानूगा (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। पुरुष एकल (आयु वर्ग 50) में राजेश अग्रवाल (रायपुर), बी. रविकांत (बिलासपुर), राजशेखर शर्मा (रायपुर महानगर), प्रमोद शार्दुल (धमतरी), राजेश लुनिया (रायपुर), संजय दुबे (दुर्ग) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें राजेश लुनिया (रायपुर), राजशेखर शर्मा (रायपुर महानगर) और राजेश अग्रवाल (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे है। पुरुष एकल (आयु वर्ग 60) में संजय लहेजा (बिलासपुर), पराग दोषी (रायपुर), अरविन्द कुमार शर्मा (रायपुर महानगर), प्रशांत बापट (रायपुर), गिरिराज बागड़ी (रायपुर), हनी अरोरा (बिलासपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें संजय लहेजा (बिलासपुर), गिरिराज बागड़ी (रायपुर), अरविन्द कुमार शर्मा (रायपुर महानगर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। पुरुष एकल (आयु वर्ग 65) में पी.एन. मजुमदार (कोरिया), के. रविशंकर (बिलासपुर), अरुण बावरिया (रायपुर), हरीश पांडे (रायपुर), अजीत बेनर्जी (रायपुर), सुरेश दुबे (रायपुर), एस. व्ही पेंढारकर (रायपुर महानगर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं जिसमें के. रविशंकर (बिलासपुर), अजीत बेनर्जी (रायपुर), एस.व्ही। पेंढारकर अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। पुरुष एकल (आयु वर्ग 70) में सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर), डा. भरत अग्रवाल ( खैरागढ़), के.बी. सिंह (रायपुर), एम.आर. निरापुरे (रायपुर महानगर), टी.के. डे (बिलासपुर), जी.एल. अग्रवाल (रायपुर महानगर), के.वेंकट प्रसाद (बिलासपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं। जिसमें सुरजीत सेनगुप्ता (बिलासपुर), के.बी. सिंह (रायपुर), के.वेंकट प्रसाद (बिलासपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं।महिला एकल (आयु वर्ग 40) में दिव्या आमदे (रायपुर महानगर), डा. स्वाति बांठिया (रायपुर), मोनिका दीवान (बिलासपुर), निखत परवीन अंसारी (रायपुर) के मध्य मुकाबले खेले जा रहे हैं। जिसमें दिव्या आमदे (रायपुर महानगर) और डा. स्वाति बांठिया (रायपुर) अपने मैच जीतकर आगे चल रहे हैं। महिला एकल (आयु वर्ग 50) में प्रमिला ठाकुर (रायपुर महानगर), रेणुका सुब्बा (रायपुर), गीता पंडित (रायपुर) के मध्य अंतिम मुकाबले खेले जा रहे हैं। महिला एकल (आयु वर्ग 65) में सुश्री ईरा पंत (रायपुर), गौरी डे (बिलासपुर), सरबरी मोइत्रा (बिलासपुर), सुमंत चतुर्वेदी (बिलासपुर) के मध्य अंतिम मुकाबले खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रदीप जोशी एवं सहायक मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे और अभिनव शर्मा हैं।



# जिंदल स्टील के निशानेबाजों ने राष्ट्रीय शॉटगन में जीते खिताब



गुरजोआत सिंह खंगुरा



मिराज अहमद खान

**रायपुर।** जिंदल स्टील के खिलाड़ियों ने डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज, नई दिल्ली में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप (एनएसएससी) में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। प्रतियोगिता में जिंदल स्टील समर्थित समूह ने कई स्वर्ण और रजत पदक जीतकर भारत में उत्कृष्ट खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।



राइज़ा ढिल्लो

इस प्रदर्शन में गुरजोआत सिंह खंगुरा ने पुरुष स्किट स्पर्धा में 2025 राष्ट्रीय चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। रैंक-1 पर रहते हुए खंगुरा ने फाइनल में दमदार प्रदर्शन किया और अनुभवी ओलंपियनों सहित कड़े प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की।

महिला वर्ग में उभरती हुई स्टार राइज़ा ढिल्लों ने स्किट शूटिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी का ध्यान आकर्षित किया। ढिल्लों ने महिला स्किट और जूनियर महिला स्किट—दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। उनका यह डबल-पोडियम प्रदर्शन उन्हें भारतीय शूटिंग की सबसे आशाजनक युवा प्रतिभाओं में शामिल करता है। अनुभवी चैंपियन की अनुशासित खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए ओलंपियन मिराज अहमद खान ने चैंपियनशिप में दो रजत पदक जीते। उच्चतम स्तर पर उनकी निरंतरता आने वाली पीढ़ी के निशानेबाजों को प्रेरित करती है।



## खरमास में कर लें धार्मिक उपाय, जगत के पालनहार की बरसने लगेगी कृपा

इन दिनों खरमास चल रहा है। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही खरमास प्रारम्भ हो जाता है। इस दौरान कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। आइए जानते हैं खरमास में ईश्वर की कृपा पाने और अपने पुण्यों की वृद्धि करने के लिए क्या उपाय करें

### सूर्य की उपासना

खरमास में रोजाना सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। इससे आपको कभी रोग दोष नहीं होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस महीने में नित्यप्रति सूर्य भगवान की पूजा करना और आदित्य ह्रदय स्त्रोत का पाठ करना बहुत फलदाई माना जाता है। पाप नाशक और पुण्य वृद्धि कारक भगवान सूर्य को इस मंत्र- 'सूर्यदेव महाभाग ! त्र्योक्य तिमिरापह। मम पूर्व कृतंपापं क्षम्यतां परमेश्वरः। को पढ़ते हुए अर्घ्य देने से आयु, विद्या बुद्धि और यश की प्राप्ति होती है। उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा, संतान और यश-कीर्ति की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा, प्रतियोगिता में सफलता, करियर में कामयाबी के लिए लोगों को प्रातः उदय होते लाल सूर्य की आराधना करनी चाहिए।

### श्रीकृष्ण की पूजा का महत्व

खरमास में भगवान श्रीकृष्ण के मंत्रों के जाप से आपको कभी किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। खरमास में व्यक्ति को अपने इष्टदेव की पूजा-सेवा करने एवं दान-पुण्य करने से पुण्यों में वृद्धि होती है और जीवन में आए संकट दूर होने लगते हैं। इस महीने भगवान विष्णु के किसी भी अवतार और शिवपरिवार की उपासना करना विशेष फलदाई है।

कार्नर न्यूज

### एफएसएनएल कोनोइके इन्विटेशनल टेनिस टूर्नामेंट का समापन

# ओलम्पियन विष्णु ने की उभरते टेनिस खिलाड़ियों की हौसला अफजाई, दिए खेल से जुड़े कई टिप्स

**भिलाई।** बीएसपी टेनिस कॉम्प्लेक्स सिविक सेंटर में एफएसएनएल कोनोइके इन्विटेशनल टेनिस टूर्नामेंट में रविवार को क्वार्टरफाइनल, सेमीफाइनल एवं फाईनल मुकाबले हुए। इस दौरान ओलम्पियन, एशियन खेल के पदक प्राप्तकर्ता और ग्रैंड स्लैम- डेविस कप खिलाड़ी विष्णु वर्धन ने उभरते हुए खिलाड़ियों से चर्चा की और उन्हें अपना खेल निखारने के लिए जरूरी टिप्स दिए।

फाइनल मैच में अंडर 18 बॉयज कैटेगरी के विजेता दक्ष श्योकंद (भिलाई) रहे। अंडर 10 बालिका वर्ग में विजेता रही हरलीन क्षेत्रपाल (भिलाई) अंडर 10 बालक वर्ग के विजेता रेयांश (भिलाई) रहे अंडर 12 बालिका वर्ग में विजेता आराधना बंछोर (भिलाई) अंडर 12 बालक ग्रुप में अपूर्व मिश्रा (जगदलपुर) विजेता रहे अंडर 14 बालिका वर्ग में विजेता रही वन्या पुंडीर (भिलाई) अंडर 14 बालक वर्ग में विजेता रहे।

एकलव्य सिंह राजपूत (रायपुर) अंडर 16 बालिका वर्ग में विजेता रही। अल्फी जोसेफ (भिलाई) अंडर 16 बालक वर्ग में विजेता रहे। मोहम्मद




आरिज खान (रायपुर) अंडर 18 वर्ग में विजेता रहे। फाइनल मैच के दौरान ओलम्पियन, एशियन खेल के पदक प्राप्तकर्ता और ग्रैंड स्लैम- डेविस कप खिलाड़ी विष्णु वर्धन एवं जाने- माने टेनिस ऑफिशयल अभिषेक मुखर्जी, तोशिहिरो फुजिवारा (एफएसएनएल प्राइवेट लिमिटेड कोनोइके ग्रुप ऑफ कंपनी के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर) , जूनिची शाशाहरा चैयरमैन मैनेजिंग डायरेक्टर एफएसएनएल प्राइवेट लिमिटेड (कोनोइके ग्रुप ऑफ कंपनी) राजीव चौबे, किरण सरजापुरम, रूपेंद्र चौहान, एस स्वामीनाथन, पंकज त्यागी सीजीएम एचआर एफएसएनएल प्राइवेट लिमिटेड (कोनोइके ग्रुप ऑफ कंपनी), राजेश पाटिल एवं रविन्द्र मदान ने प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ आने वाले सभी वर्गों के बालक/ बालिका खिलाड़ियों को डेढ़ लाख रुपये के नगद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान किए। टूर्नामेंट के चीफ रेफरी चिराग देशमुख एवं टूर्नामेंट की डायरेक्टर रचना शर्मा ने सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### पहले दिन भी हुए शानदार मुकाबले


इसके पहले टूर्नामेंट का औपचारिक उद्घाटन शनिवार 20 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे किया गया। पहले दिन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। कोर्ट नंबर एक में बॉयज सिंगल कैटेगरी में अंडर 16 और अंडर 18 में मिलाकर कुल 29 मैच हुये। कोर्ट नंबर 2 में अंडर 12 कैटेगरी में बॉयज़ सिंगल और गर्ल्स सिंगल मिलकर कुल 29 मैच हुये। कोर्ट नंबर 3 में अंडर 16 और अंडर 14 गर्ल्स की सिंगल कैटेगरी में कुल 24 मैच हुये। कोर्ट नंबर 4 में बॉयस सिंगल अंडर 14 कैटेगरी में कुल 25 मैच हुये। कोर्ट नंबर 5 अंडर 10 गर्ल्स कैटेगिरी में नॉक ऑॉउट के अंतर्गत 3 मैच खेले गये। अंडर 10 बॉयज कैटिगिरी में 7 मैच खेले गये।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जिस डायरेक्टर को ईरान ने सुनाई सजा उसे न्यूयॉर्क दे रहा था अवॉर्ड



जिस डायरेक्टर को ईरान ने सुनाई सजा उसे न्यूयॉर्क दे रहा था अवॉर्ड, कभी केक में छिपाकर भेजी थी फिल्म कान फिल्म अवॉर्ड विनर डायरेक्टर को जेल की सजा सुनाई गई है। ईरानी फिल्म निर्माता जाफर पनाही को राजनीतिक व्यवस्था के खिलाफ दुष्प्रचार करने के आरोप में ये सजा दी गई है। उनके वकील ने बताया कि यह सजा उसी दिन दी गई है, जिस दिन उनकी नई फिल्म ने अमेरिका में कई पुरस्कार जीते।

ईरान की एक अदालत ने मशहूर फिल्म निर्देशक जफर पनाही को एक साल जेल की सजा सुनाई है। जफर पर 'शासन के खिलाफ दुष्प्रचार गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में उन्हें दोषी करार देते हुए एक साल की जेल की सजा सुनाई है। पनाही के वकील मुस्तफा नीली ने एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट में बताया कि कोर्ट ने उनके मुवक्किल के दो साल तक ईरान से बाहर जाने पर भी रोक लगा दी है। नीली ने बताया कि पनाही इस फैसले को अब ऊपरी अदालत में चुनौती देंगे। पनाही को ऐसे समय में ये सजा सुनाई गई है, जब वह न्यूयॉर्क में आयोजित एनुअल गोथम अवॉर्ड फेस्टिवल में अपनी फिल्म 'इट वॉज जस्ट ऐन एक्सिडेंट' के लिए तीन अवॉर्ड हासिल कर रहे थे। उन्हें यहां बेस्ट डायरेक्टर समेत तीन पुरस्कार न्यूयॉर्क में मिले। बता दें कि 'इट वॉज जस्ट ऐन एक्सिडेंट' को इस साल के कान फिल्म समारोह में पाल्म डी'ओर अवॉर्ड से भी नवाजा गया था।पनाही ने अपनी सजा पर फिलहाल कोई कॉमेंट नहीं किया है।

### टॉलीवुड

## मनोज मांचू की 'डेविड रेड्डी' की पहली झलक आई सामने, एक्शन अवतार में दिखे अभिनेता




तेजा सज्जा की फिल्म 'मिराय' में विलेन की भूमिका निभाने वाले अभिनेता मनोज मांचू अब नई एक्शन पैक्ड फिल्म लेकर आ रहे हैं। उ न की आगामी पैन इंडिया फिल्म 'डेविड रेड्डी' की शूटिंग शुरू हो गई है। अब फिल्म की हिंदी झलक भी सामने आई है। 2 मिनट 39 सेकंड के इस वीडियो में जमकर एक्शन देखने को मिलता है। फिल्म की कहानी 1897 से 1922 के समय पर आधारित है। इसलिए इसकी पहली झलक में भी सुभाष चंद्र बोस और ब्रिटिश साम्राज्य के बारे में सुनने को मिलता है। फर्स्ट ग्लिप्स में दिखाया गया है कि कैसे अंग्रेजों से मुकाबला करने के लिए एक फैक्ट्री में हथियार बनाए जा रहे हैं। इस अनाउंसमेंट वीडियो में दिखाया गया है कि जलियांवाला बाग में हुए नरसंहार के बाद अंग्रेजों के खिलाफ भारतीयों में गुस्सा था। इन्हीं से मुकाबला करने के लिए डेविड रेड्डी नाम के एक व्यक्ति ने खुद हथियार बनाने की ठानी। फिल्म में मनोज मांचू को फुल एक्शन हीरो के अवतार में दिखाया गया है। फिलहाल अभी सिर्फ फिल्म की शूटिंग शुरू हुई है।

हनुमा रेड्डी यक्कंती द्वारा निर्देशित यह एक्शन पैक्ड फिल्म पैन इंडिया स्तर पर रिलीज होगी। फिल्म को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस अब मनोज मांचू को इस अवतार में देखने के लिए उत्साहित हैं।

मनोज मांचू इससे पहले तेजा सज्जा की मायथोलॉजिकल-सुपरनेचुरल फिल्म 'मिराय' में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने निगेटिव भूमिका निभाई थी। फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स की मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई थी। अब मनोज मांचू अपनी मुख्य भूमिका वाली इस एक्शन फिल्म को लेकर तैयार हैं।

### भोजपुरी

## जख्मी हाथ के साथ डांस करती दिखीं अक्षरा, कहा-दर्द हो या खुशी, गाना चलते रहना चाहिए



अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा जगत का एक चर्चित नाम हैं। वे अभिनय और गायिकी दोनों ही मामलों में अव्वल हैं। उनका नया गाना 'झुमका सवा लाख के' रिलीज हुआ है। उन्होंने फैंस के साथ यह खबर साझा की है। इसके अलावा इस गाने पर एक रील भी शेयर की है। अक्षरा ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें देखा जा सकता है कि उनके हाथ में चोट लगी है और प्लास्टर बंधा है। अक्षरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे रेड टॉप और ब्लैक शॉर्ट्स पहनकर अपने नए गाने पर डांस करती दिख रही हैं। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'गाना 'झुमका सवा लाख के' रिलीज हो गया है। दर्द हो या खुशी, गाना चलते रहना चाहिए। आदमी को हालात नहीं, अपना एटीट्यूड और माइंडसेट बदलना चाहिए'। अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर यूजर्स ने चिंता जाहिर करते हुए पूछा है कि उनके हाथ में क्या हुआ है? फैंस पूछ रहे हैं, 'आपके हाथ में क्या हो गया है?' एक अन्य यूजर ने पूछा, 'आपका डांस धमाकेदार है, लेकिन हाथ में चोट कैसे लगी आपको'? एक अन्य यूजर ने पूछा, 'आप लाखों नहीं, करोड़ों में एक हो अक्षरा जी'। बात करें अक्षरा सिंह के हालिया रिलीज गाने की तो 'झुमका सवा लाख के गाने को उन्होंने अपनी सुरीली आवाज में गाया है। इसके अलावा इस गाने को उन्हीं के ऊपर फिल्माया भी गया है। गाने के बोल रवि चौहान ने लिखे हैं। गाने को दर्शकों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। यूजर्स लिख रहे हैं, 'आप शेरनी हैं और शेरनी बनकर ही रहिएगा'। कुछ यूजर्स ने लिखा है, 'भोजपुरी की शेरनी'।

### डिजाइन में एआई

### लाइफ स्टाइल



"वोग ग्लोबल कन्वर्सेशन्स में फैशन इंडस्ट्री के प्रोफेशनल्स ने भविष्य के फैशन पर चर्चा की। इस दौरान वोग रनवे की निकोल फेल्प्स ने बाल्मेन की क्रिएटिव डायरेक्टर ओलिवियर राउस्टिंग, बालेंसियागा की सीईओ सेड्रिक चार्बिट और लेवी–क्लो की क्रिएटिव डायरेक्टर नताशा रामसे के इस बातचीत में एआई के इस्तेमाल से फैशन इंडस्ट्री पर होने वाले असर पर भी चर्चा हुई।

## हुडी पहनने के मॉडर्न तरीके, बढ़ाएंगे आपकी शान



सर्दी मेंस्टाइलिश से स्टाइलिश बंदे को अपने लुक की चिंता हो जाती है। हुडी पहनते हुए भी वो यही सोचते हैं कि लुक तो बिगड़ेगा ही। लेकिन हुडी पहनते हुए भी पर्फेक्ट दिखना है तो आपको इसे पहनने के ये मॉडर्न तरीके जरूर आजमाने होंगे। ये मॉडर्न तरीके आपकी फैशन स्टाइल को अप जरूर करेंगे। इन तरीकों पर डालते हैं एक नजर-

### लेयर्ड लुक

हुडी अपने आप में पूरी मान ली जाती है और अक्सर लोग इसके साथ किसी भी अपर ड्रेस को पहनने के बारे में सोचते भी नहीं हैं। लेकिन हुडी को लेयरिंग में पहनकर आप मॉडर्न लुक पा सकते हैं। इस लुक को पाने के लिए जिप हुडी भी ली जा सकती है। इस जिप हुडी के ऊपर ओवेरकोट पहनिए और नीचे क्रू नेक टी शर्ट।

### एथलेजर लुक

एथलेजर आजकल के ट्रेंड का हिस्सा है। इसमें जिम वियर और कैजुअल वियर दोनों का लुक आता है। आप हुडी के साथ भी ये लुक आसानी से पा सकते हैं।

इसके लिए आप एक ब्लैक हुडी ले लीजिए। अब इस हुडी को फिटेड ब्लैक जॉगर्स के साथ पहनिए। इसके साथ लेदर लुक वाली स्लीपर भी पहनी जा सकती है।

### लेदर जैकेट लुक

पहली बार में लेदर जैकेट और हुडी का कोई कॉम्बिनेशन नजर नहीं आता है। लेकिन ये एक अच्छा कॉम्बो है। जिसमें लुक बेहतरीन आता है।

इस लुक के साथ ब्लैक लेदर जैकेट चाहिए होगी और साथ में काली या इंडिगो कलर की जींस भी। अब कई रंगों की हुडी के साथ प्रयोग करें। साथ में बूट्स पहनें, ये एक क्लासिक लुक बनकर तैयार हो जाएगा।

### सूट लुक

इस स्पोर्ट्स कम सूट लुक के लिए आपको एक हल्के मटेरियल वाली ग्रे कलर की हुडी चाहिए होगी। इसके साथ चारकोल ग्रे सूट हो तो और भी अच्छा। अब इस लुक को सबसे अच्छा टच देंगे सफ़ेद स्नीकर। ऑफिस गोइंग जूते न पहनकर स्नीकर पहनेंगे तो आपका लुक कॉम्बिनेशन वाला बन जाएगा।

### बेसिक मॉडर्न लुक

बेसिक मॉडर्न लुक पाने के लिए आपको न्यूट्रल कलर की हुडी चाहिए होगी। इसमें आप ट्राउजर्स ले लीजिए और स्पोर्ट्स स्नीकर्स बस ये लुक तैयार है। कह सकते हैं ये लुक तैयार करना सबसे आसान है। अगर आप ज्यादा एक्सपेरीमेंट कर लेते हैं तो बॉटम में थोड़े प्रिंट भी चुन सकते हैं।

## पार्टी में स्कर्ट और जींस के साथ वियर करें जैकेट, दिखेंगी स्टाइलिश





न्यू ईयर की पार्टी में कई महिलाएं न्यू लुक पाने के लिए स्कर्ट या जींस वियर करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप चाहती हैं कि आप स्टाइलिश नजर आए तो आप जींस और स्कर्ट के साथ ये न्यू डिजाइंस वाली जैकेट स्टाइल कर सकती हैं। यह जैकेट स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस जैकेट को स्टाइल करने के बाद जहां आपको ठंड भी नहीं लगेगी तो वहीं आपका भी सबसे अलग नजर आएगा।


### फॉक्स जैकेट

इस तरह की जैकेट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। यह जैकेट शॉर्ट में है साथ लॉन्ग स्लीव्स और कॉलर डिजाइन में है। इस तरह की ड्रेस को आप ब्लैक या व्हाइट जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह जैकेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएगा जिसे आप न्यू ईयर की पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस जैकेट आप ऑनलाइन या ऑफलाइन 1,000 से कम कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप डार्क कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं।

### जियोमेट्रिक डिजाइन जैकेट

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की जियोमेट्रिक जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस को आप स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस जैकेट में आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा और इस तरह की जियोमेट्रिक डिजाइन जैकेट आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,200 रुपये की कीमत में मिल जाएंगी। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की जैकेट जींस साथ ही स्कर्ट दोनों ही आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट है।

### डेनिम जैकेट



डेनिम जैकेट हर दम ट्रेंड में रहती हैं और स्टाइलिश लुक के लिए आप इसे व्हाइट जींस या स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती है। इस तरह की जैकेट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

## कोहनी हो रही काली तो घबराएं नहीं, अपनाएं उपाय




अगर आप भी काली कोहनी से परेशान हैं, तो आप कुछ तरीकों से अपनी कोहनी और घुटनों को चमकदार बना सकते हैं। आप अपनी काली कोहनी और घुटनों को चमकदार बनाने के लिए एलोवेरा जेल लगा सकते हैं। लगभग आधे घंटे तक लगाकर रखें और फिर साफ कर लें। इससे आपको काफी मदद मिल सकती है।

काली कोहनी और घुटनों को चमकदार बनाने के लिए आपको पहले थोड़ा हल्दी पाउडर लना है और फिर इसमें नींबू का रस डाल लें। इसके बाद इसका मिश्रण तैयार कर लें और फिर इसे घुटनों और कोहनी पर लगाएं। अब जब ये सूख जाए, तो स्क्रब करते हुए धो लें।

इसके लिए आपको बेसन में थोड़ा पानी डालकर एक पेस्ट तैयार करना है। फिर इस पेस्ट को घुटनों और कोहनी पर लगाएं। अब कुछ देर इसे लगाकर छोड़ दें और फिर पानी से धो लें।सबसे पहले आपको एक कटोरी में शहद, चीनी और नींबू का रस डालना है और इसका मिश्रण तैयार कर लेना है। अब इस तैयार किए गए पेस्ट को कोहनी और घुटनों पर लगा लें। फिर थोड़ी देर बाद पानी से धो लें। ऐसा करके आपको लाभ मिल सकता है।

## सेलो स्किन की समस्या है तो ऐसे रखें ध्यान



आपकी स्किन का लगातार प्राकृतिक रंग खोना 'सेलो स्किन' प्रॉब्लम का संकेत हो सकता है। इस स्किम प्रॉब्लम में त्वचा का रंग बदलकर भूरा या हल्का पीला पड़ने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो आपको इसके कारणों का पता होना चाहिए और इस पर फौरन ध्यान देना चाहिए।

### विटामिन और खून की कमी

जैसे पूरी तरह से स्वस्थ रहने के लिए भरपूर खाद्य पदार्थ जरूरी हैं, उसी तरह स्वस्थ और चमकदार स्किन के लिए विटामिन खासतौर पर विटामिन सी और शरीर में प्रर्याप्त मात्रा में खून होना जरूरी है। सेलो स्किन से बचने के लिए आपको संतुलित और विटामिनयुक्त आहार जरूर ग्रहण करना चाहिए। वरना स्किन रूखी और छुर्रीदार होने लगेगी।

### पर्याप्त पानी

पानी और स्वस्थ्य स्किन का बहुत गहरा संबंध है। पर्याप्त पानी पीने से पेशाब के माध्यम से शरीर के हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही स्किन को हाइड्रेड रखते हैं, जिससे स्किन रूखी नहीं होती, इसलिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पिएं।

### तनाव से बचाव, पर्याप्त नींद

किसी भी तरह का तनाव व पर्याप्त नींद न लेना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से नुकसानदायक होता है, जो आपकी स्किन पर विपरीत प्रभाव डालता है। यही धीरे-धीरे दुष्प्रभावित होकर सेलो स्किन का कारण बनता है। इसलिए पर्याप्त नींद लें और तनाव से बचें।

### कार्नर न्यूज

### बाजार से एसेसरीज लेने से पहले इंटरनेट जरूर खंगाल लें

## स्टाइलिश मैन बनने के लिए जरूरी एसेसरीज अपनाने से पहले ध्यान में रखें टिप्स, मिलेगी तारीफ

सस्ती और जरूरी एसेसरीज, जिनसे हर पुरुष बन जाएगा आप अक्सर ही शॉपिंग करते रहते हैं? इस शॉपिंग का हर सामान इस्तेमाल में आ भी पाता है? अलमारी में ऐसे कपड़ों की भरमार हो चुकी है, जो खरीदने के बाद अब आप पहनते ही नहीं हैं?

अगर आपके साथ ऐसा होता है तो अब ऐसी चीजों की शॉपिंग करें जो आपके काम आए हमेशा जो आपको स्टाइलिश बनाने में 100 प्रतिशत योगदान भी करें। ये कुछ ऐसी एसेसरीज हैं, जो आपके स्टाइल में चार-चांद लगा देंगी।

इन्हें न हर कुछ दिन में बदलने का झंझट है और न ही रखरखाव का। ये एसेसरीज आपके स्टाइल के लिए बेस्ट साबित होंगी। इन्हें यूज करने के बाद आपको अपने लुक के लिए ज्यादा सोचने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इन एसेसरीज से रूबरू हो लीजिए, ये आपके काम जरूर आएंगी। लेकिन इससे पहले इंटरनेट खंगालना चाहें तो सर्च के विकल्प ये रहे



### पुरुषों के लिए जरूरी एसेसरीज

पुरुषों के लिए रुमाल कितनी जरूरी चीज हैं, ये बात सिर्फ वो ही जानते हैं। लेकिन फिर भी सालों तक पुराने रूमालों का इस्तेमाल करते रहना उन्हें काफी पसंद है। जबकि लोगों के बीच में जब आप पुराने और खराब दिखने वाले रुमाल निकालते हैं तो अच्छा बिल्कुल नहीं लगता है। इसलिए समय-समय पर नए रुमाल खरीदते रहना जरूरी हो जाता है। कुछ एसेसरीज जिन्हें नियम से खरीदते रहना है, उनमें रूमाल को शामिल कर लीजिए।

### नोज क्लिपर्स ले लीजिए

नाक से निकलते बाल अक्सर ही परेशानी बन जाते हैं। इन बालों को यूं हीं छोड़ देने से अच्छा है कि इसके लिए एक अच्छी क्वालिटी का नोज क्लिपर ले लिया जाए। इस तरह से आपके लुक को खराब करते नाक के बालों से आपको छुटकारा मिल जाएगा। इनको काटते समय ध्यान रखिएगा कि ये वही बाल हैं, जो लुक पर की गई आपकी सारी मेहनत को बेकार कर देते हैं। इसको नियम से काटने के लिए क्लिपर खरीदिए लेकिन इस पर बहुत खर्चा नहीं करना है। इससे आप किसी को इम्प्रेस (Impress) ऐसे भी नहीं कर पाएंगे। इसको बहुत महंगा खरीदने से अच्छा है कि जरूरत के हिसाब से वाजिब दाम वाला क्लिपर ले लें। आप इलेक्ट्रिक नोज क्लिपर भी ले सकते हैं।

### कंसीलर है जरूरी

हो सकता है कि आप पुरुषों के मेकअप वाले फंडे को न मानते हों। लेकिन सिर्फ एक कंसीलर से आप फुल मेकअप वाले रूप में नहीं आ जाएंगे। बल्कि ये आपको स्टाइलिश दिखने में मदद ही करेगा।

ये आपके चेहरे की रौनक को कम करने वाले दाग-धब्बों को कम कर देगा। आपको अपने चेहरे की कमियां अलग से नहीं दिखेंगी और आप पूरी तरह से स्मार्ट दिखेंगे वो अलग। इससे आप दाग-धब्बे ही नहीं बल्कि रोजमर्रा में होने वाले रेजर बर्न भी छुपा सकते हैं। ये कंसीलर तब आपके और भी काम आएगा, जब जरूरी मीटिंग या जॉब इंटरव्यू हो। इस वक्त सबसे पहले नजर आपके चेहरे पर ही पड़ती है। ऐसे में चेहरे की चमक के नंबर तो पक्के हैं।

### घड़ी हो जानदार

आपके पास घड़ी होना कोई बड़ी बात नहीं है। बल्कि ये एक न एक हर पुरुष के पास होती ही है। लेकिन फिर भी अगर एक अच्छी घड़ी ले ली जाए तो समझिए कि आपके लुक को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक घड़ी आपको स्टाइलिश बनाने के लिए काफी है। इसलिए अगली बार खुद पर कुछ भी खर्चा करने से पहले एक अच्छी घड़ी खरीद लीजिए।

